आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 106 ● नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737



3 नई दिल्लीड्डसमकालीन अभियान के तहत अवैध हथियार...

## महाराष्ट्र के रायगढ़ में भूस्खलन से 13 लोगों की मौत
### 100 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका

**रायगढ**

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में गुरुवार सुबह हुए भूस्खलन से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोगों के फंसे होने की आशंका है, जिससे लगभग 48 परिवार प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दुखद घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों के लिए 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। उन्होंने यह भी कहा कि घायलों के इलाज का खर्च महाराष्ट्र सरकार उठाएगी। इसके अलावा, जिस पहाड़ पर भूस्खलन हुआ था, उसकी चोटी तक पहुंचने के लिए विशेषज्ञ ट्रैकरों को बुलाया गया है। भूस्खलन में लगभग 46 घर प्रभावित हुए और 20 से अधिक मिट्टी में डूब गए हैं। इंडिया टुडे से बात करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि ज्यादातर लोगों की मौत इसलिए हुई क्योंकि जब भूस्खलन हुआ तो वे सो रहे थे और उन्हें खुद



को बचाने का मौका नहीं मिला। कुछ बच्चे बेहतर मोबाइल नेटवर्क के लिए गेम खेलने के लिए गांव से बाहर गए थे। वे सबसे पहले भूस्खलन को नोटिस करने वाले थे और कुछ ग्रामीणों को सचेत करने में कामयाब रहे।

एनडीआरएफ ने कहा कि दो टीमें मौके पर पहुंचीं और तलाश एवं बचाव अभियान चलाया. रायगढ़ में खालापुर तहसील के इरशालवाड़ी गांव में भूस्खलन हुआ, जिससे 48 परिवार प्रभावित हुए। इस बीच, यूबीटी सेना विधायक आदित्य ठाकरे ने भी रायगढ़ में भूस्खलन पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, ÷घटनास्थल पर स्थिति दिल दहला देने वाली है। हमने ग्रामीणों से बात करने की कोशिश की, लेकिन वहां तक पहुंचना मुश्किल है। बचाव अभियान जारी है। हम सटीक स्थान पर जाने की जिद करके राज्य मशीनरी पर अधिक दबाव नहीं डालना चाहते थे। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहते. उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहता। हम बाद में सवाल उठाएंगे। लेकिन हम अभी बचाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेंगे क्योंकि हमें पहले जान बचाने की जरूरत है।

## समान नागरिक संहिता पर लोकसभा में सवालों की झड़ी

**नई दिल्ली**

भारतीय संसद का मानसून सत्र जैसे ही शुरू हो गया है तो सभी की निगाहें विवादास्पद समान नागरिक संहिता पर जा टिकी है। जिसका कार्यान्वयन सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के घोषणापत्र का केंद्रीय हिस्सा है। 22वें विधि आयोग ने यूसीसी के संबंध में व्यक्तियों और संगठनों के विचार और आपत्तियां मांगीं हैं। एक एकल, समान ढांचा जो व्यक्तिगत कानूनों की जगह लेगा और देश के नागरिकों पर उनके धर्म की परवाह किए बिना समान रूप से लागू होगा। यह विकास पिछले विधि आयोग द्वारा 2018 में पारिवारिक कानून में सुधार पर एक परामर्श पत्र जारी करने के पांच साल बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि उस स्तर पर समान नागरिक संहिता का निर्माण न तो आवश्यक था और न ही वांछनीय था। समान नागरिक संहिता की चर्चा राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में से एक है।

इस मुद्दे पर नए सिरे से सार्वजनिक बहस को प्रेरित किया है। आश्चर्य की बात नहीं है कि संसद सदस्यों द्वारा कानून और न्याय मंत्री द्वारा कल यानी शुक्रवार 21 जुलाई को उत्तर देने के लिए कई प्रश्न भी प्रस्तुत किए गए हैं। जब कानून मंत्रालय तय कार्यक्रम के अनुसार नए सत्र में प्रश्नों के जवाब देंगे। कानून मंत्रालय द्वारा उत्तर दिए जाने वाले 18 अतारांकित प्रश्नों (लिखित उत्तर मांगने वाले प्रश्न) में से तीन यूसीसी पर हैं।

**विधि और न्याय मंत्री से पूछे गए सवाल**

ए) क्या भारत के 22वें विधि आयोग ने हाल ही में आम जनता, धार्मिक संगठनों और अल्पसंख्यक समुदायों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ देश में नागरिक संहिता (यूसीसी) पर परामर्श शुरू किया है और यूनिफ़ॉर्म के कार्यान्वयन के लिए उनसे सुझाव मांगे हैं

**ख़ास ख़बर**

### मानसून सत्र

#### राजग सांसदों से बातचीत कर सकते हैं प्रधानमंत्री

■ **नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसद के मौजूदा मानसून सत्र के दौरान भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों के साथ बातचीत करने की संभावना है। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि उनसे अलग-अलग मुलाकात के लिए सांसदों को 10 समूहों में बांटा गया है। मोदी आम तौर पर सत्र के दौरान विभिन्न राज्यों के भाजपा सांसदों से बातचीत करते हैं।

#### हमारे लिए महिलाओं की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं: मुख्यमंत्री गहलोत

■ **जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार के लिए महिलाओं की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। गहलोत ने ट्वीट किया, हमारे लिए महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से बढ़कर कुछ भी नहीं है। जोधपुर में दलित युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में राजस्थान पुलिस द्वारा की गई कार्वाई की तुलना मणिपुर की एक घटना से करते हुए गहलोत ने लिखा, सामूहिक बलात्कार के बाद तीन आरोपियों को महज दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया।

#### मणिपुर हिंसा पर राहुल गांधी का ट्वीट, भारत अब चुप नहीं रहेगा...

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर की स्थिति को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में भारत के विचार पर हमला होने पर भारत चुप नहीं रहेगा। गांधी की यह टिप्पणी 4 मई को शूट किया गया एक वीडियो बुधवार को सामने आने के बाद आई है, जिसमें जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न अवस्था में सड़क पर घुमाते हुए दिखाया गया है।

### मानसून सत्र के पहले दिन
# मणिपुर हिंसा की रही गूंज

**नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन बृहस्पतिवार को दोनों सदनों में मणिपुर हिंसा की गूंज सुनाई दी और पूर्वोत्तर के इस राज्य में करीब दो महीने से जारी हिंसा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान देने और उसके बाद चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण कामकाज नहीं हो सका। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही एक बार और राज्यसभा की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सत्र की शुरूआत मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने की घटना का वीडियो बुधवार को सामने आने के एक दिन बाद हुई। इस घटना के खिलाफ देशभर में जबर्दस्त प्रतिक्रिया सामने आई है।इस मुद्दे पर संसद में विपक्षी सांसदों ने मणिपुर, मणिपुर और मणिपुर जल रहा है के नारे लगाए। दोनों सदनों में इस मुद्दे पर कामकाज बाधित हुआ।



प्रधानमंत्री मोदी ने मानसून सत्र की शुरुआत से पहले संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए देशवासियों को भरोसा दिलाया कि मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की घटना के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं इस लोकतंत्र के मंदिर के पास खड़ा हूं तब मेरा हृदय पीड़ा से भरा हुआ है, क्रोध से भरा हुआ है। मणिपुर की जो घटना सामने आई है वह किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है।

उन्होंने कहा, पाप करने वाले, गुनाह करने वाले कितने हैं, और कौन-कौन हैं, वह अपनी जगह पर है... लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री के इस आश्वासन के बावजूद विपक्षी दलों के सदस्यों ने राज्यसभा और लोकसभा में इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने तो इस बात पर आपत्ति भी जताई कि सत्र की बैठक आरंभ होने के बावजूद प्रधानमंत्री ने सदन के बाहर इस मुद्दे पर बयान दिया।कई विपक्षी दलों के नेताओं ने आज सुबह राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे से उनके कक्ष में भेंट की और प्रधानमंत्री से दोनों सदनों में बयान देने और उसके बाद मणिपुर की स्थिति पर संसद में चर्चा कराने की मांग की। लोकसभा में कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने मणिपुर हिंसा का मुद्दा उठाते हुए हंगामा किया। सदस्यों के शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

#### मणिपुर पर चर्चा को तैयार है सरकार, भाग रहा है विपक्ष: भाजपा

मणिपुर की जातीय हिंसा के मुद्दे पर संसद के मानसून सत्र का पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ जाने के बाद भाजपा ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा को तैयार है लेकिन नियमों की आड़ लेकर विपक्ष चर्चा से भाग रहा है।

संसद भवन परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा, आज सदन की कार्यवाही और कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विपक्ष का रवैया देखकर ए स्पष्ट हो जाता है कि वो मन बनाकर आए हैं कि सदन की कार्यवाही नहीं चलने देंगे। पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में हुई हिंसा और कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ व राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं का जिक्र करते गोयल ने दावा किया कि शायद इसी परेशानी की वजह से विपक्षी दल चर्चा से भाग रहे हैं।

**मणिपुर वीडियो**

### सुप्रीम कोर्ट ने इसे संवैधानिक, मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन बताया

**नई दिल्ली**



उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनकी परेड कराने के वीडियो से वह बहुत व्यथित है और उसने इसे किसी भी संवैधानिक लोकतंत्र में पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस वीडियो पर संज्ञान लिया और केंद्र तथा मणिपुर सरकार से फौरन कार्वाई करने को कहा। उसने कहा कि तनावपूर्ण माहौल में हिंसा को अंजाम देने के हथियार के रूप में महिलाओं का इस्तेमाल करना पूरी तरह अस्वीकार्य है और ए दृश्य संविधान और मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन दर्शाते हैं। पीठ ने कहा, मणिपुर में दो महिलाओं की जिस तरीके से परेड कराई गई है, उसकी कल आई वीडियो से हम बहुत व्यथित हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने कहा, मुझे लगता है कि अब वक्त आ गया है कि सरकार वाकई में आगे आए और कार्वाई करे क्योंकि यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। हम सरकार को कार्वाई के लिए थोड़ा समय देंगे और अगर जमीनी स्तर पर कुछ नहीं होता है तो फिर हम कार्वाई करेंगे।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि साम्प्रदायिक रूप से तनावपूर्ण इलाके में हिंसा को अंजाम देने के हथियार के रूप में महिलाओं का इस्तेमाल बहुत व्यथित करने वाला है तथा यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, यह संवैधानिक और मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अदालत इस तथ्य से अवगत है कि बुधवार को सामने आया यह वीडियो चार मई का है लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जैसे ही पीठ मामलों पर सुनवाई के लिए बैठी तो सीजेआई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से अदालत आने के लिए कहा था।

सीजेआई ने दोनों विधि अधिकारियों से कहा, दोषियों पर मुकदमा दर्ज करने के लिए मई से लेकर अब तक क्या कार्वाई की गई और सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्वाई कर रही है कि यह दोबारा न हो क्योंकि कौन जानता है कि यह अकेली घटना हो, अकेली घटना न हो, यह कोई प्रवृत्ति हो।

### निर्वस्त्र घुमाने का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार: बीरेन सिंह

**इंफाल**

मणिपुर पुलिस ने सेनापति जिले के एक गांव में दो जनजातीय महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने और भीड़ द्वारा उनसे छेड़छाड़ किए जाने संबंधी चार मई की घटना के वीडियो में नजर आ रहे मुख्य आरोपियों में से एक को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि वह सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्वाई सुनिश्चित करेंगे और मृत्युदंड दिलाने का प्रयास भी करेंगे।

उन्होंने कहा कि बुधवार को घटना का वीडियो सामने आने के तुरंत बाद पुलिस की कई टीम का गठन किया गया था और कथित मुख्य



साजिशक र्ता बताए जा रहे व्यक्ति को थाउबल जिले से गिरफ्तार कर लिया गया। संबंधित आरोपी 26 सेकंड के वीडियो में प्रमुखता से दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा था कि अज्ञात हथियारबंद बदमाशों के खिलाफ थाउबल जिले के नोंगपोक सेकमाई थाने में अपहरण, सामूहिक बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया गया है तथा दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए हरसंभव प्रयास जारी हैं।

### अहमदाबाद की अदालत ने आरोपमुक्त किए जाने का आग्रह करने वाली सीतलवाड़ की याचिका खारिज की

**अहमदाबाद**

गुजरात में अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने राज्य में 2002 में हुए दंगों के संबंध में कथित रूप से सबूत गढ़ने के मामले में सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की आरोपमुक्त करने का आग्रह करने वाली याचिका को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। याचिका खारिज करते हुए, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एआर पटेल ने अभियोजन और बचाव पक्ष से 24 जुलाई सेै मामला शुरू करनेै (मुकदमे की कार्यवाही शुरू करने) के लिए भी कहा।

गुजरात सरकार ने उनकी याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि उन्होंने दंगा पीड़ितों का विश्वास तोड़ा और



निर्दोष लोगों को फंसाया। गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा राहत देने से इनकार किए जाने के बाद बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने इसी मामले में सीतलवाड़ को जमानत दे दी थी। सीतलवाड़ और दो अन्य- राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक आरबी श्रीकुमार और भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी संजीव भट्ट - को जून 2022 में शहर की अपराध शाखा ने जालसाजी और 2002 दंगों के मामले में गुजरात सरकार के अधिकारियों को फंसाने के इरादे से झूठे सबूत गढ़ने के आरोप में गिरफ्तार किया था। न्यायाधीश ए आर पटेल ने पहले श्रीकुमार की आरोपमुक्त करने का आग्रह करने वाली याचिका खारिज कर दी थी। भट्ट ने अब तक ऐसी राहत की गुजारिश नहीं की है। सीतलवाड़ की ओर से आरोपमुक्त करने के लिए दायर याचिका का विरोध करते हुए अपने लिखित जवाब में राज्य सरकार ने आरोप लगाया था कि सीतलवाड़ ने तत्कालीन मुख्यमंत्री (नरेन्द्र मोदी), वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों सहित निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए दंगा पीड़ितों के नाम पर हलफनामे तैयार किए।

#### सत्र के दौरान प्रधानमंत्री का सदन के बाहर बयान देना संसद के विशेषाधिकार का उल्लंघन: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि संसद सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर के संदर्भ में सदन के बाहर बयान देकर संसद के विशेषाधिकार और संसदीय परिपाटी का उल्लंघन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह प्रधानमंत्री से संसद के भीतर बयान देने की मांग करने के लिए नोटिस देना चाहते हैं। जब संसद का सत्र चल रहा है तो ऐसे समय बाहर बयान देकर उन्होंने संसद के विशेषाधिकार का उल्लंघन किया और संसदीय परिपाटी के खिलाफ भी काम किया। इससे पहले, उन्होंने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर नियम 267 के तहत मणिपुर के मामले को उठाने का आग्रह किया।सदन में मणिपुर के विषय पर चर्चा की मांग कर रहे थे, लेकिन पहले से नोटिस देने के बावजूद चर्चा की अनुमति नही दी गई।

### गहलोत सरकार ने अपने 94 प्रतिशत चुनावी वादे पूरे किए : डोटासरा

**जयपुर**

कांग्रेस की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बृहस्पतिवार को विपक्षी भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया कि वे चुनावी वर्ष में ऐसा माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि राज्य में अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ रहे हैं तथा कांग्रेस सरकार सुशासन देने में सक्षम नहीं है।डोटासरा ने दावा किया कि राज्य की मौजूदा अशोक गहलोत सरकार ने अपने 94 प्रतिशत चुनावी वादे पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा समेत पार्टी नेता कभी नोटबंदी, किसानों की आय दोगुनी



करने, तीन कृषि कानून, भ्रष्टाचार खत्म करने के बारे में जवाब नहीं देते।उन्होंने कहा कि वे (भाजपा) कभी भी अपने वादों के बारे में बात नहीं करते हैं और अनर्गल बयान देकर कांग्रेस और उसकी सरकारों को कोसने में लगे रहते हैं।विपक्षी भाजपा अब चुनावी वर्ष में एक माहौल बनाने की चेष्टा कर रही है और यह साबित करने का कुप्रयास कर रही है कि राजस्थान में अपराध बढ रहे हैं, भ्रष्टाचार बढ रहा है।

**चीतों की मौत पर शीर्ष न्यायालय चिंतित**

## कोर्ट ने कहा- केंद्र चीतों को अन्य अभयारण्यों में भेजने की संभावना तलाशे

**नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान (मध्य प्रदेश) में एक साल से भी कम समय में आठ चीतों की मौत हो जाना एक सही तस्वीर पेश नहीं करता। इसने केंद्र से इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनाने और इन वन्यजीवों को अन्य अभयारण्यों में भेजने की संभावना तलाशने को कहा। प्रोजेक्ट चीता के तहत रेडियो कॉलर लगे 20 चीते नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाए गए थे और बाद में नामीबियाई चीता ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया था। इन 24 वन्यजीवों में से तीन शावकों सहित आठ की मौत हो चुकी है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने चीतों की मौत पर चिंता जताई तथा इसके (मौत के) कारणों और इसके निवारण के लिए किए गए उपायों की जानकारी के साथ केंद्र से एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने को कहा। न्यायालय ने कहा, समस्या क्या है? क्या यहां की जलवायु उनके अनुकूल नहीं है या



*न्यायालय ने कहा, समस्या क्या है? क्या यहां की जलवायु उनके अनुकूल नहीं है या कोई और कारण है। 20 चीतों में से आठ की मौत हो चुकी है। पिछले हफ्ते दो मौतें हुईं। आप उन्हें अन्य अभयारण्यों में भेजने की संभावना क्यों नही तलाशते? आप इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा क्यों बना रहे हैं?*

कोई और कारण है। 20 चीतों में से आठ की मौत हो चुकी है। पिछले हफ्ते दो मौतें हुईं। आप उन्हें अन्य अभयारण्यों में भेजने की संभावना क्यों नहीं तलाशते? आप इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा क्यों बना रहे हैं?

पीठ ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहीं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, कृपया कुछ सकारात्मक कदम उठाएं। राज्य या सरकार द्वारा उन्हें एक स्थान पर रखने के बजाय आपको उन्हें अन्य अभयारण्यों में स्थानांतरित करने की संभावना तलाशनी चाहिए। भाटी ने कहा कि केंद्र चीतों की मौत के कारणों की विस्तार से जानकारी देते हुए एक हलफनामा दाखिल करने वाला है और उन्होंने प्रतएक चीते की मौत से जुड़ी परिस्थितियों का वर्णन करते हुए एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने की अनुमति मांगी। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी इन्हें अन्य अभयारण्यों में भेजने सहित सभी संभावनाएं तलाश रहे हैं।

भाटी ने न्यायालय से कहा, आठ चीतों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन इसकी आशंका थी। इन मौतों के पीछे कई कारण हैं। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए एक प्रतिष्ठित परियोजना है तथा अधिकारी भविष्य में और चीतों की मौत टालने के लिए हरसंभव कदम उठा रहे हैं।

## ख़ास ख़बर

## जयनगर में आशा फैसिलिटेटरों का अनिश्चितकालीन हड़ताल नौवें दिन भी जारी रहा



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/आशा संयुक्त संघर्ष मंच के आह्वान पर नौ सूत्री मांगों को लेकर विगत 12 जुलाई से आशा फैसिलिटेटरों का अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को नौवें दिन जारी रहा। अब तक मांग पूरा नहीं होने पर जयनगर के पीएचसी पर आशा फैसिलिटेटरों ने धरना देतें हुए वैक्सीन के लिए उपयोग होने वाले टीकाकरण डिब्बे को कोरियर कर्मी को नहीं लेने दिया। जिससे अनुमंडल अस्पताल के अलावे प्रखंड क्षेत्र में वैक्सीन कार्य ठप रहा। प्रखंड अध्यक्ष मंजूली देवी की अध्यक्षता में आयोजित आशा फैसिलिटेटर का हड्ताल पीएचसी के साथ अनुमंडल अस्पताल पर भी देखने को मिला। धरना पर बैठी मंजू देवी, मुमताज बेगम, रेखा देवी, ललिता देवी, अनिता देवी, मंजू देवी, बेबी देवी एवं राज कुमारी देवी ने बताया कि हम लोग अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर आठ दिनों से हड्ताल पर हैं। अब तक सरकार हमारी मांगों को लेकर वार्ता नहीं किया है। हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो हड्ताल के साथ भूख हड़ताल किया जाएगा। हमारी मांगों में हमें सरकारी कर्मचारी का दर्जा व मानदेय दिया जाए। जब तक हमारी मांग पूरा नहीं होगा तब तक वैक्सीन टीकाकरण कार्य नहीं करने दिया जाएगा। क्योंकि वैक्सीन टीकाकरण कार्य आशा वर्कर का है। जिसे कोरियर को दिया गया है। बता दें कि प्रखंड में 170 आशा फैसिलिटेटर व 12 कोरियर कार्यरत हैं।

## 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर द्वारा मेगा वृक्षारोपण के तहत किया गया वृक्षारोपण



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशनुसार सशस्त्र सीमा बल,48वी वाहिनी जयनगर व अधीनस्थ समवायों में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वी वाहिनी के तत्वाधान में करवाया जा रहा है ।

48वीं वाहिनी को वर्ष-2023 में कुल 24000 वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है जिसमें लगभग 10700 हजार पौधे रोपित हो चुके हैं इसी कड़ी में आज 1000 हजार पौधे रोपित किए गए तथा जल्द ही लक्ष्य को प्राप्त कर लिया जाएगा। श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वी वाहिनी ने बताया कि पौधे हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। ये हमें आक्सीजन देते हैं जिसकी हमे साँस लेने के लिए जरुरत पड़ती है।

पौधे लगाने से पृथ्वी के हरे आवरण को बढ़ाने में मदद मिलती है, और पर्यावरण में सुधार होता है। हमारे घर में या हमारे पड़ोस में वृक्षारोपण करने से हमें हरियाली की सुंदरता का आनंद देखने को मिलता है, इसलिए हमें प्राकृतिक का संतुलित बनाये रखने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने, स्वस्थ और खुशहाल जीवन को बढ़ावा देने के लिए पौधों को बचाना और पौधों को लगाना जरूरी है, साथ ही पर्यावरण के महत्व को समझाते हुए लोगों से अपील की कि सभी लोगों को कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए, साथ ही अपने जान पहचान के लोगों को भी वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना चाहिए। इस कार्यक्रम मे वाहनी तथा सभी समवायों के समस्त अधिकारीयों,अधीनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिको ने भाग लिया तथा पौधा रौपण किया।

# बाढ़ के पानी के कारण जिला मुख्यालय से सटे बसंतपुर गांव के सैकड़ों बच्चे स्कूल जाने से रह जाते हैं वंचित,जिला प्रशासन समेत जनप्रतिनिधि को भी बाढ़ की मुकम्मल व्यवस्था के लिए कई बार दे चुके हैं आवेदन

### बसंतपुर गांव के सैकड़ों परिवार हर साल बाढ़ की पानी को लेकर उठाते हैं परेशानी, बाढ़ को लेकर नहीं है मास्टर प्लान



**अररिया/ डा. रूद्र किंकर वर्मा।** हर एक माता-पिता का यह सपना होता है कि अपने बच्चे को उच्च शिक्षा दें,और उन्हें पढ़ा लिखा कर बड़ा आदमी बनाएं। वही अररिया जिला मुख्यालय से सटे बसंतपुर पंचायत हर साल बाढ़ का पानी का दंश झेलते हैं। बाढ़ के समय में त्रिसुलिया घाट बसंतपुर सरस्वती मंदिर टोला के सैकड़ों परिवार के बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। जबकि त्रिसुलिया बसंतपुर के सभी बच्चे जिला मुख्यालय के सरकारी स्कूल में पढ़ने के लिए सभी बच्चे आते हैं। त्रिसुलिया घाट सरस्वती मंदिर टोला के बच्चे के माता-पिता के सपना बाढ़ के पानी को लेकर चकनाचूर होता दिख रहा है। गांव के लोगों ने जिला प्रशासन समेत जनप्रतिनिधि को भी प्रत्येक साल आवेदन देकर बाढ़ की पानी गांव में ना घुसे इसको लेकर ठोस पहल करने को लेकर आवेदन भी दे चुके हैं।बताया जाता है कि बरसात के दिनों में परमान नदी का जलस्तर काभी बढ़ जाने के बाद त्रिसुलिया घाट बसंतपुर सरस्वती मंदिर टोला के बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाता है।शहर के पंचकौड़ी चौक से रामपुर जानेवाली मुख्य मार्ग के बीच लगभग मात्र 250 फीट सड़क नहीं होने के कारण जल स्तर काफी बढ़ जाती है व पानी बहाव का रफ्तार काफी तेज हो जाता है।इसको लेकर बसंतपुर सरस्वती मंदिर टोला का आवागमन मुख्य मार्ग से संपर्क टूट जाता है। इस कारण गांव के सैकड़ों गरीब मजदूरों के बच्चें शहर के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय,घोड़ा स्टैंड चांदनी चौक स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ने नहीं जा पाते है।

जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि को भी दे चुके हैं आवेदन-गांव की सरस्वती मंदिर के पुजारी व समाजसेवी अरुण आनंद ने बताया कि हर साल बसंतपुर पंचायत के सरस्वती मंदिर टोला गांव में बाढ़ का पानी आ जाता है। जिस कारण जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह से टूट जाता है। इस स्थिति में गांव के सैकड़ों परिवार के बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। जबकि परिवार के लोग खाने के लिए भी मोहताज हो जाते हैं। बाढ़ का पानी गांव में ना घुसे इसके लेकर प्रत्येक वर्ग जिला व जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि को भी कई बार आवेदन दे चुके हैं। इसके बावजूद भी जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि की तरफ से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकार में ज्यादा दिख रहा है। सड़क की मांग को लेकर गांव के लोग करेंगे वोट बहिष्कार-बताया जाता है कि बसंतपुर सरस्वती मंदिर टोला के अधिकांश लोग दैनिक मजदूर पर निर्भर हैं।

दैनिक मजदूर करने के बावजूद भी अपने बच्चे को उचित शिक्षा देना चाह रहे हैं,लेकिन बाढ़ का पानी गांव के सभी माता-पिता को के सपना अंधकार में दिख रहा है। इस कारण गांव के सभी लोगों ने सड़क नहीं तो वोट नहीं को लेकर इस वर्ष वोट बहिष्कार कर सकते हैं। अरुण आनंद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि से यह आश्वासन मिलता है कि बहुत जल्द ही सड़क बन जाएगा। जिससे गांव के सभी मजदूर लोग मजदूरी करने शहर जा सकेंगे व उनकी बच्चे सुरक्षित और पर स्कूल भी जा सकेंगे। लेकिन जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि की ओर से कोई ठोस पहल अब तक नहीं की गई है। जिस कारण इस वर्ष गांव के सभी लोगों ने एकजुट होकर वोट बहिष्कार करेंगे। गांव के सभी बच्चों का भविष्य हो रहा है अंधकार-बताया जाता है कि बसंतपुर त्रिसुलिया घाट सरस्वती मंदिर टोला के सैकड़ों परिवार के बच्चे का भविष्य अंधकार में जा रहा है।

जबकि सभी वर्ग के लोगों के बच्चे सरकारी स्कूल में जाकर पड़े इसके लिए सरकार काफी गंभीर दिख रहा है। इसके बावजूद भी बसंतपुर सरस्वती मंदिर टोला में बाढ़ के समय में कम से कम नाव की व्यवस्था भी कर दी जाए।जिससे कि पानी से निकलकर मुख्य सड़क तक जा सके और सभी बच्चे अपने अपने स्कूल जाकर शिक्षा प्राप्त कर सके। सड़क व नाव नहीं रहने के कारण बाढ़ के समय में कई महीनों तक स्कूल से बच्चे वंचित रह जाते हैं।

# जच्चा-बच्चा का टीकाकरण संबंधी रिकार्ड अब ऑनलाइन रहेगा उपलब्ध,यू-विन पोर्टल पर लाभार्थियों को लगाये जाने वाले टीके की होगी ऑनलाइन एंट्री



**अररिया ।** जिले में जच्चा-बच्चा के टीकाकरण संबंधी रिकार्ड को ऑनलाइन किये जाने की कवायद की जा रही है। इसके लिये भारत सरकार ने को-विन पोर्टल की तर्ज पर यू-विन पोर्टल लॉच किया है। इसकी मदद से टीकाकरण संबंधी सभी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध हो सकेगी। को-विन पोर्टल की तरह ही टीकाकरण के लिये पहले लाभुक का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। इसके बाद उन्हें टीकाकृत किया जायेगा। टीकाकरण संबंधी रिकार्ड का रियल टाइम एंट्री किया जाना है। ताकि इससे संबंधित जानकारी कभी भी हासिल की जा सके। यू-विन पोर्टल के इस्तेमाल को लेकर सभी एएनएम को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ताकि इसके इस्तेमाल की बारीकियों से उन्हें अवगत कराया जा सके। यू- विन पोर्टल के इस्तेमाल से ममता कार्ड व टीकाकरण कार्ड की जरूरत खत्म हो जायेगी। टीकाकरण के लिये पहले कराना होगा रजिस्ट्रेशन-जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि यू-विन पोर्टल की मदद से जच्चा-बच्चा के टीकाकरण संबंधी रिकार्ड को संधारित रखना बेहद आसान होगा। पूर्व में टीकाकरण कार्ड खोने या किसी कारण इसके नष्ट होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। टीकाकरण के लिये पहले रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन के तत्काल बाद मोबाइल मैसेज के जरिये लाभुक को सेशन साइट से लेकर टीकाकरण के संबंध में पूरी जानकारी उपलब्ध हो जायेगी। इसकी मदद से लाभुक किसी दूसरे राज्य व जिलों में भी टीकाकरण का लाभ उठा सकेंगे। पोर्टल पर एक क्लिक मात्र से लाभार्थी के टीकाकरण संबंधी पूरा रिकार्ड का पता आसानी से चल जायेगा।

भारत सरकार द्वारा इसे यूनिवर्सल इम्युनाइजेशन प्रोग्राम में शामिल किया गया है। आधार कार्ड की मदद से होगा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन-यू-विन पोर्टल पर टीकाकरण संबंधी लाभ के लिये गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण के लिये आधार कार्ड अनिवार्य होगा। वहीं शिशुओं के टीकाकरण के लिये पंजीकरण में माता-पिता का आधार कार्ड से संभव हो सकेगा। टीकाकरण संबंधी सूचना का रियल टाइम एंट्री किया जायेगा। ताकि इससे संबंधित जानकारी हमेशा के लिये संधारित रह सके। टीकाकरण अभियान को मिलेगी मजबूती-सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि गर्भवती महिलाएं व नवजात को कई तरह की जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करने के लिहाज से टीकाकरण जरूरी है। इससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। जो शरीर को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। देश में कोरोना टीकाकरण अभियान की सफलता के बाद बच्चों के टीकाकरण को लेकर सरकार ने एक नया प्लेटफार्म तैयार किया है। इसके जरिये लोगों को घर बैठे सेशन साइट से लेकर टीकाकरण की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। गर्भवती महिला व बच्चों के टीकाकरण से संबंधित सभी डेटा सर्वे रजिस्टर के आधार पर यू-विन पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा। इसमें गर्भवती महिला का नाम, बच्चा का नाम, उम्र सहित टीकाकरण से संबंधित रिकार्ड दर्ज होगा। इसे लेकर प्रखंडवार एएनएम को खासतौर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। यू-विन पोर्टल की मदद से टीकाकरण अभियान को मजबूती मिलेगी।

## इन्टरमिडिएट प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक की छात्रा को मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत मिलेगी 15 हजार




**अररिया।** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा वर्ष 2023 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से इन्टरमिडिएट प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक (मुस्लिम) की छात्रा को मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 15 हजार रू0 एकमुश्त राशि सी एफ एम एस (CFMS) के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएगी। प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्राओं की सूची विभाग स्तर से उनकी आगे की पढ़ाई जारी रखने हेतु जिला कार्यालय को उपलब्ध करा दी गई है। योग्य छात्रा अपना-अपना शैक्षणिक प्रमाण-पत्र यथा- अंक पत्र, प्रवेश पत्र, आधार सीडेड बैंक खाता, आधार कार्ड सभी जाँच पत्रक के साथ अपने-अपने कॉलेजों में जमा कर दें तथा शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी होगी कि सभी कागजातों को समेकित रूप से जाँचोपरान्त भुगतान करने की अनुशंसा के साथ जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, अररिया में यथाशीघ्र अनिवार्य रूप से जमा कर दें ताकि ससमय भुगतान की कार्रवाई की जा सके।

## टी पी कॉलेज में विदाई सह सम्मान समारोह




**मधेपुरा।** स्नातकोतर इतिहास विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के सेवानिवृत अध्यक्ष डॉ. गजेन्द्र कुमार का विदाई सह सम्मान समारोह 21 जुलाई (शुक्रवार) को अपराह्न 2:00 बजे से महाविद्यालय के शिक्षक प्रकोष्ठ में सुनिश्चित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव होंगे। यह जानकारी संघ के सचिव डॉ. दिनेश यादव एवं संयुक्त सचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने दी।

## शहीद भगत सिंह क्रिकेट सीरीज प्रतियोगिता रविवार से हरिओम स्पोर्ट्स बनाम डिजायर स्पोर्ट्स के बीच




**पूर्णियां।** स्थानीय जिला स्कूल स्टेडियम खेल मैदान परिसर पूर्णिया में तीन मैचों के शहीद भगत सिंह क्रिकेट सीरीज प्रतियोगिता दिनांक 23/07/23 रविवार से शुरू होने जा रही है। प्रतियोगिता हरिओम स्पोर्ट्स बनाम डिजायर स्पोर्ट्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। प्रतियोगिता शनिवार , रविवार को ही खेली जाएगी और 20-20 ओवर के खेली जाएगी। अपराह्न 2:00 बजे से संध्या 6:00 तक खेली जाएगी। बिहार अंडर 16 चयन समिति पूर्व सदस्य व ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि हम सबों का एक मात्र उद्देश्य है कि आज के युवा पीढ़ी पढ़ाई-लिखाई के साथ- साथ विभिन्न खेलों के माध्यम से अपने देश के महान सपूत की जीवनी एवं देश के आजादी में दिए गए योगदान से संबंधित जानकारी दें। और देश के महान सपूत को याद कर सकें। बिहार क्रिकेट संघ एवं जिला क्रिकेट संघ के आगामी प्रतियोगिता से पूर्व खिलाड़ियों में खेल भावना जागृत करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया जा सके।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में मवेशी में फैल रही बीमारी

**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/जयनगर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में इन दिनों पशुओं में एक अलग तरह की बिमारी पैदा होने से पशुपालक चिंतित है। बैल, गाय, भैस एवं बछरा में यह बिमारी काफी अधिक देखी जा रही है। बस्ती पंचायत के छपकी टोला निवासी उपेन्द्र दास, श्रवण पासवान, रामदेव दास एवं ईदगाह टोला निवासी डॉ अताउर्हमान, मो. जफिर एवं मो. साबीर ने बताया कि पशुओं के अंदर बीते एक माह से इस तरह की नई बिमारी देखी जा रही है। दर्जनों की संख्या में सभी पशुओं को पहले हल्का बुखार आता है। उसके बाद पेट खराब हो जाती है। बिमारी से ग्रस्त होने पर पशुओं का वजन कम होने के साथ पूरे शरीर में चिकन पॉक्स जैसी बिमारी फैल जाती है।

**बैठक** पूर्णिया भारतीय नाई समाज जिला कमिटी की बैठक में जिला कमिटी भंग कर नई कमिटी का गठन

# पूर्णिया भारतीय नाई समाज के जिलाध्यक्ष बने अशोक ठाकुर अधिवक्ता मनीष आनंद को जिला सचिव का ताज




**पूर्णिया।** भारतीय नाई समाज जिला कमिटी की बैठक अशोक ठाकुर के दरवाज़े पर कप्तान पाड़ा सदर में जिलाध्यक्ष गणेश ठाकुर के अध्यक्षता में व जिला सचिव सत्यदेव ठाकुर के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।बैठक में प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष बैधनाथ ठाकुर, प्रांतीय मीडिया प्रभारी पाण्डव कुमार, जिलाध्यक्ष प्रो गणेश ठाकुर, सचिव सत्यदेव ठाकुर, समाजसेवी मनोज ठाकुर, सेलेन्द्र ठाकुर, आदिवासी कल्याण समिति के संस्थापक अशोक ठाकुर, सेवा निवृत अंचल पदाधिकारी अशोक कुमार ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर व अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से जननायक कर्पूरी ठाकुर व लोकगायक भिखारी ठाकुर के तैलीय् चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया।बैठक पूर्व पूर्णिया प्रमंडल अध्यक्ष प्रो पवन ठाकुर के पिताजी अवकाश प्राप्त शिक्षक स्व. राम स्वरूप ठाकुर के निधन पर 2 मिनट का मौन रख कर श्रदांजलि दी गई।बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बैधनाथ ठाकुर ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए व जाति के विकास के लिए शिक्षा को महत्व दे, संगठन से जुड़े व अपने अधिकार के लिए मिलकर संघर्ष करें।प्रांतीय मीडिया प्रभारी पाण्डव कुमार ने कहा मानव जीवन में जन्म लेकर अपने परिवार व समाज की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। दैनिक जीवन की व्यस्तता में कुछ न कुछ समय का दान समाज के लिए, जाति के विकास के लिए संगठन से जुड़ कर करनी चाहिए। मेरे पिताजी ने समाज के लिए अपना जीवन समर्पित किये थे। मै भी प्रयास करूंगा की अधिक से अधिक समय समाज के विकास में दूँ।समाजसेवी मनोज ठाकुर ने कहा हम असंगठित है इसलिए शोषित हो रहे है। जिस दिन संगठित हो जाएंगे। हमारा शोषण बंद हो जाएगा और हमारी विकास का मार्ग खुल जाएगा।प्रो गणेश ठाकुर ने कहा संगठन हमे और हमारे बच्चों को संस्कार सिखाती है। समाज में सेवा की भावना उत्पन्न करती है। हम संगठन से जुड़ कर हर व अधिकार प्राप्त कर सकते है जो हमे संबिधान ने दिया है।सत्यदेव ठाकुर ने कहा निःस्वार्थ भाव से किया जाने वाली सेवा समाजसेवा कहलाती है। जो मनुष्य समाज मे समय देकर समाज के विकास के लिए कार्य करते है वो अमर हो जाते है।

# जनता को जन सुराज दिलाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य- मंजूर आलम समाजिक




**मधूबनी संबाददाता/** मधुबनी जिले के जन सुराज कार्यालय में आज एक आवश्यक बैठक को संबोधित करते हुए बिस्फी विधानसभा क्षेत्र निवासी मंजूर आलम का कहना था कि बिहार में बढ़ती अशिक्षा, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, और रोजगार पाने हेतु बिहार से पलायन कर रहे युवाओं को मुक्ति दिलाने का नाम ही जन सुराज है। पदयात्रा में हमारे आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी जनता से रूबरू हो रहे हैं तथा उनकी समस्याओं का भी डाटा तैयार करवा रहे हैं, जिस तरह से जनता का स्नेह और समर्थन मिल रहा है निश्चित रूप से बिहार में सत्ता परिवर्तन जन सुराज के माध्यम से ही होगा, और हमारे आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी कहते हैं के अगर जनता ने हमें मौका दिया तो एक वर्ष के अंदर भले सड़क,नाला बने न बने लेकिन सभी पलायन कर गए युवाओं को वापस बिहार बुलाकर और बिहार में रह रहे बेरोजगार युवाओं को अपने पंचायत,प्रखण्ड में ही 10 से 15 हजार रुपये का रोजगार अवश्य दे दूंगा। इसलिए बिहार में सभी धर्मो सभी जातियों के लोगों का जन सुराज को समर्थन चाहिए। आप सभी लोगों से आग्रह, अपिल है कि जन सुराज के संपर्क अभियान और चल रहे पदयात्रा में अपनी भूमिका अवश्य दें, जन सुराज का वादा है एक बार जन सुराज को अपना समर्थन दिजिए निश्चित रूप से आप को मायूस नहीं होने दूंगा, बिहार के युवाओं को बिहार में रोजगार नहीं मिलने के कारण वह अन्य राज्यों में दरबदर की ठोकर खा रहे हैं वहां उन्हें मजदूर बन कर नौकरी करना पर रहा है। बिहार के नेताओं और सरकारों ने बिहार को मजदूरों का फैक्ट्री बना दिया है जहाँ मजदूर थौकभाव में मिलते हैं, भारत का कौन ऐसा राज्य है जहाँ बिहार के बच्चे मजदूरी करते नहीं मिलेंगे और उन्हें प्रश्रमिक के रूप में बहुत ही कम तन्ख्वाह मिलता है किसी तरह से अपने और अपने परिवार का भरणपोषण कर रहे हैं।

## ख़ास ख़बर

### देश व राज्य हित में एनडीए गठबंधन में शामिल होगा रालोजद-महासचिव जीशू सिंह



**दैनिक शुभ भास्कर। सुभाष चंद्र झा/सहरसा/**राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रदेश महासचिव शिवेन्द्र कुमार जिशु ने कहा है कि देश हित में एनडीए गठबंधन समय की मांग है। जिसका नेतृत्व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।बैठक में राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने एनडीए गठबंधन के साथ चलने का फैसला किया है। जिसका हम सभी स्वागत करते हैं। हम अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस फैसले का सम्मान करते हुए कहना चाहते हैं कि देश की तरक्की और जनता का सम्मान एनडीए गठबंधन की पहचान है। इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव में हम सभी मिलकर एक बार फिर से एनडीए की सरकार केंद्र और राज्य में सुनिश्चित करने को तत्पर हैं। दूसरी ओर जो गठबंधन है, वह उन लोगों का गठबंधन है जो सत्ता में रहते हुए आजीवन भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं। आम जनता की गाढ़ी कमाई को लूटकर अपनी झोली भर दे रहे ।जिससे आज देश के लोग ठगे हुए महसूस कर रहे थे। लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का गठन हुआ है।तब से देश विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का संकल्प प्रदेश और देश को उन्नति के पथ पर ले जाने का है जिसका समर्थन हम सभी नेता और कार्यकर्ता सर्वसम्मति से करते हैं।

### सीडीपीओ विनिता कुमारी को दी गई विदाई, नये सीडीपीओ शांति कुमारी को किया गया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर,सोनवर्षा राज( सहरसा)** प्रखंड मुख्यालय स्थित सीडीपीओ वेश्म में गुरुवार को समारोह आयोजित कर डीपीओ सह प्रभारी सीडीपीओ सोनवर्षा राज विनिता कुमारी को विदाई दी गई।नये सीडीपीओ शांति कुमारी को सम्मानित किया गया।समारोह में संबोधित कर डीपीओ विनिता कुमारी ने कहा कि विदाई शब्द ही दुखःदायी होता है।लेकिन आप सबके साथ कार्य कर बहुत अच्छा लगा और शायद नये पदभार ग्रहण कर रही शांति कुमारी भी इसी तरह अपने कर्तव्यों का पालन करेंगी।सभी ने उनके कार्यकाल को सराहा।एक दूसरे को माला पहनाकर कर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।मौके पर प्रधान लिपिक प्रफुल्ल कुमार, कार्यपालक सहायक सब्लू कुमार,महिला पर्यवेक्षिका नूतन कुमारी, सुप्रिया कुमारी, पल्लवी कुमारी, सीमा भारती, दिव्या श्री, सुधा कुमारी, नीलम कुमारी, पंकज कुमार ठाकुर, रविन्द्र यादव सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

### पति के हत्यारों को सजा दिलाने को लेकर पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार



**दैनिक शुभ भास्कर/सहरसा/** जिले के बनगांव थाना स्थित बरियाही बाजार निवासी पूनम देवी ने गुरुवार को अपने पति के हत्यारों को सजा दिलाने को लेकर एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा से न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता ने दिए गए आवेदन में कहा कि 2 दिसंबर 19 को मेरे पति की हत्या साजिश के तहत कर दिया गया। इस संबंध में बनगांव थाना कांड संख्या 1 3 5/19 दर्ज है।उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुलिस अनुसंधान में 5 लोगों के द्वारा मिलकर साजिश के तहत घर से बुलाकर हत्या में शामिल लोगों को पकड़ कर जेल भी भेजा गया। लेकिन पैसे के बल पर वे लोग जेल से छूट गए।जेल निकलते ही विजय हारी, आकाश हारी, निर्मल हारी, संतोष हारी एवं विकास हारी ने केस में मेल मिलाप करने का दबाव बनाया जा रहा है । वही मेल मिलाप नहीं करने पर मुझे जान से मार देने की खुलेआम धमकी भी दी जा रही है।पीड़िता पूनम देवी ने एसपी को आवेदन देकर कांड की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।उन्होंने कहा कि मेरे 3 बच्चे हैं। जो पति के मरने के बाद मैं किसी तरह मजदूरी कर बच्चों को पाल पोस रहा हूं। वही मुझे किसी प्रकार की कोई सरकारी सहायता अब तक नहीं मिल पाया है।

## समकालीन अभियान के तहत अवैध हथियार कारतूस व देशी शराब बरामद 41 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

अर्चना आनंद ने कहा कि देश में जब भी एनडीए गठबंधन की सरकार बनी है।





**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/** जिले में विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने को लेकर सभी थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। जिसमें 115 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई।वही 41 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गुरुवार को एसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समकालीन अभियान के दौरान कुल 93 वारंट, दो कुर्की जब्ती का निष्पादन किया गया। वहीं 103 लीटर देसी शराब भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि समकालीन अभियान के दौरान सौर बाजार थाना अंतर्गत विगत दिनों वाहन लूट की घटना में प्रयोग किए गए मोटरसाइकिल के साथ अमित कुमार पिता कमल किशोर यादव ग्राम चंदौर सौर बाजार एवं नीतीश कुमार पिता अजय कुमार को एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।उन्होंने बताया कि बसनही थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर संथाली टोला में कुछ अपराधकर्मीयो के द्वारा अवैध हथियार के साथ शराब लाने की सूचना प्राप्त होने पर थाना अध्यक्ष के द्वारा सत्यापन हेतु अन्य पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ रघुनाथपुर संथाली टोला पहुंचे तो पुलिस को देख कर उक्त अपराधी भागने लगे। बसनहीं थाना अध्यक्ष के द्वारा सशस्त्र बल के सहयोग से 3 अपराधकर्मी मुकेश यादव, रोशन



कुमार एवं मन किशोर शर्मा को दो देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल तथा 38 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।वही महिषी थाना अंतर्गत महिषी थाना कांड संख्या के नामजद अभियुक्त ओम प्रकाश राय को इस घटना में चोरी किए गए मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि पकड़े गए अपराधियों के पास तीन देसी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस,चार मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि इसमें से एक अपराधी जिला का टॉप टेन अपराधी में शामिल रहा है। जो कुछ दिनो पहले जेल से निकलने के बाद पुनः उसे गिरफ्तार किया गया है।वही पकड़े गए अन्य अपराधियों के अपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

## एनसीसी सीएटीसी प्रशिक्षण शिविर में 500 कैडेट्स ने लिया भाग, देश और समाज के प्रति अपनी जबाबदेही को कैडेट्स रहे तत्पर- कर्नल सतीश






**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/** 4 बिहार गर्ल्स बटालियन भागलपुर ग्रुप के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रणधीर सतीश डी. के सफल निर्देशन में 11 जुलाई से 20 जुलाई तक चलने वाले सीएटीसी आठ का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इन दस दिनों के कैम्प में 500 कैडेट्स ने भाग लिया। वही 15 से 17 जुलाई तक आब्सटेक्ल ट्रेनिंग, हेल्थ हाइजीन, शुटिंग कंपटीशन, बेस्ट कैडेट्स ड्रिल, बेस्ट कैडेट्स रिटन एंड फायरिंग जैसे विभिन्न प्रतियोगिता और इसके साथ ही थल सैनिक कैम्प का भी आयोजन किया गया। जो आरडीसी के बाद दूसरा बड़ा कैम्प माना जाता है। इन सभी प्रतियोगिताओ में सभी कैडेट्स ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। इस कैम्प में अन्य लोगो जिनमे पीआई स्टाफ,एएनओ,सीटीओ,जीसीआई की अहम भूमिका रही । कार्यक्रम में रमेश झा महिला महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स की भी अच्छी भागीदारी रही । उन्हें रैंक प्रदान किया गया साथ ही कैडेट रजनी, संझा और नवनीता का सलेक्शन टीएससी कैम्प और शूटिंग के लिए हुआ।

इस बाबत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो राजीव सिन्हा एवं केयर टेकर डॉ पूजा कुमारी ने कैडेट्स के उनके परफॉर्मेंस के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।पीआई स्टॉफ में मुख्य रूप से नायक सूबेदार सन्तोष प्रधान, सूबेदार संजय कुमार, सूबेदार एस बी शर्मा, हवलदार जे कृष्णा, हवलदार डी के पासवान, हवलदार विश्वजीत,नायक परमानन्द तथा दोनों जीसीआई प्रिया और दीक्षा सम्मिलित थी। एएनओ और केअर टेकर में मुख्य रूप से डॉ पूजा,डॉ अर्चना,सुमन कुमारी सिफत ख़ानम, ले खुशबू कुमारी, ले पूर्णिमा, आदि मौजूद दी। कार्यक्रम के अंत मे कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सतीश के द्वारा सभी कैडेट्स को बधाई दी गयी। साथ ही उन्हें देश और समाज के प्रति अपनी जबाबदेही तय करने की बात कही गयी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## सीएसपी संचालक से लूट मामले की दो माह बाद भी नहीं हुआ खुलासा

**दैनिक शुभ भास्कर,बनमा ईटहरी (सहरसा)।**बनमा ओपी क्षेत्र के दोहरा पुल के समीप दिन दहाड़े हथियार से लैस बाइक सवार हौसला बुलंद तीन बाइक सवार बदमाशों ने हथियार के बल पर दो लाख नगदी लूट मामले में दो माह बाद भी बनमा पुलिस अंधेरे में खाक छान रही है।

जबकी पुलिस को बदमाशों का सीसीटीवी फुटेज भी घटना के चंद घंटे बाद ही उपलब्ध हो गयी थी। बाबजूद ओपी पुलिस की हाथ आजतक बदमाशों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पाई है या पुलिस पकड़ना नहीं चाहती है या किसी सफेद पोश के दबाब में पुलिस की हाथ पांव फूल रही है।

बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होने से क्षेत्रीय व्यवसायों में दहशत का माहौल व्याप्त हैं ओपी पुलिस को शायद उस दिन का इंतजार है जब बदमाश स्वयं पुलिस के पास समर्पण कर देंगे।

घटना 11मई 2023 दिन दहाड़े भारतीय स्टेट बैंक के सीएसपी संचालक नीतीश कुमार शाम के करीब पांच बजे अपने बाईक से भारतीय स्टेट बैंक घोरदौड़ से दो लाख नगदी निकासी कर अपने सीएसपी बनमा गांव आ रहा था। शाम करीब पांच बजे एक बाईक पर सवार तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने दोहरा पुल कुसमी के समीप सीएसपी संचालक को हथियार दिखाकर निशाना बनाया और नकदी छीनकर फरार हो गया था। घटना के तुरंत बाद ओपी पुलिस और एसडीपीओ इम्तियाज अहमद पहुचक लूट की घटना का जायजा लिया था। लूट मामले में घटना स्थल की समीप एक निजी ट्रेडर्स लगे सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराया गया। लेकिन तबसे पुलिस गहरी नींद में सो गए।

जिसके कारण घटना के दो माह बाद भी पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ पाई है। जिससे क्षेत्रीय लोगों की अंगुलियां पुलिसिया कार्यसैली पर उठने लगी है। अब तो दिन दहाड़े लोगों को राह राह चलना भी दुश्वार हो गया है। पुलिस की शिथिलता के कारण उसके बाद भी इस्लाम मियां उच्च विद्यालय के समीप हौसले बुलंद बदमाशों ने दूसरी घटना को भी अंजाम दिया था।

## सलखुआ थाना पुलिस ने पांच वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर,सलखुआ (सहरसा)।**सलखुआ थानाध्यक्ष की अगुआई में बुधवार की रात विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर पांच वारंटी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी में गजाधर यादव व मुरलीधर यादव दोनो साकिन बगेवा निवासी और उटेशरा निवासी बन्नेलाल यादव,कोपरिया निवासी पप्पू यादव, खजुराहा निवासी मोहित यादव शामिल है। थानाध्यक्ष गुड्डू कुमार ने बताया कि गुरुवार को सभी गिरफ्तार वारंटी को न्यायिक हिरासत में सहरसा भेज दिया गया।

## उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास व मनरेगा योजना का निरीक्षण किया



**दैनिक शुभ भास्कर,सोनवर्षा राज(सहरसा)।**उप विकास आयुक्त ने सोनवर्षाराज प्रखंड क्षेत्र में संचालित मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण ग्रामीण विकास मंत्रालय के एप एरिया ऑफिसर द्वारा गुरुवार निरीक्षण कर पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिए।कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा अभिषेक आनंद को विशेष अभियान चला कर महादलित टोला में जॉब कार्ड का निबंधन एवं वितरण करने सहित महिलाओं और महादलित परिवार के लोगो को रोजगार प्रदान करने का निर्देश दिया गया।बीडीओ अरविंद कुमार को 19 पंचायतों में अपूर्ण आवासों पर विशेष अभियान चला कर सभी को पूर्ण करने का निर्देश दिया। सभी आवास सहायकों को अपने अपने पंचायत में अपूर्ण आवास लाभुकों को प्रेरित कर अविलंब पूर्ण कराने की बात कही।कार्य में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही विराटपुर में बने कचरा निस्तारण केंद्र के संबंध में भी जानकारी लेकर अविलंब बिजली की समुचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। प्रखंड मुख्यालय में निर्माणाधीन राजीव गांधी सेवा केंद्र का भी निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ अरविंद कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक आनंद,सीओ उदयशंकर मिश्रा ,कनीय अभियंता एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर,बनमा ईटहरी (सहरसा)।**आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई है। गुरुवार को बनमा ईटहरी प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि कुमार ने प्रखंड क्षेत्र विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने मतदाताओं की मुल भूत सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों के भवन की स्थिति व वहां सुविधाओं की जायजा लिया। बीडीओ ने बताया प्राथमिक विद्यालय घोरदौड़,मध्य विद्यालय घोरदौड़,मध्य विद्यालय भगवानपुर, उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय लक्ष्मीनिया सहित आधे दर्जन से अधिक मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। विभागीय निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों पर बिजली, शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैंप, शेड जैसी तमाम सुविधाओं से बरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

जन आंदोलन — कमीशन बढ़ाने के लिए जन आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।

## डाक अभिकर्ताओं की समस्याओं को दूर करने व कमीशन बढ़ाने के लिए जन आंदोलन करने का निर्णय




**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/**भारत के सभी डाकघरों में कार्यरत राष्ट्रीय बचत अभिकर्ताओं की संख्या 5 लाख से अधिक है। जिसमें महिलाओं की संख्या सर्वाधिक है। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अल्प बचत योजनाओं में डाकघरों के माध्यम से धन निवेश कराकर निवेशित धन राशि पर प्राप्त कमीशन पर अभिकर्ता अपने पर आश्रित परिवार का भरन पोषण करते हैं। जिनकी कुल परिवारिक संख्या 50 लाख होगी। आज भुखमरी के शिकार हैं। विगत दिनों 2011 में तत्कालीन सरकार द्वारा अभिकर्ताओं को निवेशित धन राशि पर मिलने वाले एक प्रतिशत कमीशन को घटा कर आधा प्रतिशत कर दिया गया था जो आज तक नहीं बढाया गया। महंगाई बढ़ रही है और अभिकर्ता कमीशन घट रही है। यहां तक कि कुछ योजनाओं पर कमीशन ही बंद कर दिया गया है। जैसे सिनियर सिटीजन स्कीम, सुकन्या समृद्धि योजना, पी पी एफ, महिला सम्मान योजना में कमीशन बंद कर दिया है। इसके खिलाफ राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ के केन्द्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश के आलोक में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नाम स्मार पत्र सभी जिला पदाधिकारी के मध्यम से भेजा जा रहा है। जिसमें अभिकर्ताओं की समस्याओं को दूर करने कमीशन बढ़ाने के लिए जन आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। जो नई दिल्ली जंतर-मंतर पर 2 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक महा धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है। इससे संबंधित मांग पत्र राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ सहरसा के जिला अध्यक्ष जे के मिश्रा, जिला सचिव शिव भूषण सिंह, उपाध्यक्ष अरूण कुमार सिंह, शिवेंद्र सिंह, महेश गुप्ता, बिमल गुप्ता, फुलेशवर झा, संदीप कुमार, ब्रजेश कुमार, राणा प्रताप सिंह,रविश कुमार सिन्हा, अशोक कुमार शर्मा, किरण कुमारी सहित अन्य अभिकर्ता मौजूद थे। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि सहरसा से अधिक से अधिक बचत अभिकर्ता दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना में भाग लेंगे मजबूती से अपनी मांगों को रखेंगे।

## विद्यालय के शिक्षक द्वारा बच्चे से सर का मालिस कराने,बाल का जूं निकलवाने के मामले में पंचायत शिक्षक नियोजक ईकाई को कार्रवाई करने का आदेश



**दैनिक शुभ भास्कर,बनमा ईटहरी (सहरसा)।**प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मकदुमपुर के एक शिक्षक द्वारा पिछले दिनों वर्ग में एक बच्चे से सर का मालिस कराने,बाल का जूं निकलवाने तथा मोबाइल देखने में मस्त रहने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के साथ विभिन्न समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने पर शिक्षा विभाग की बहुत ही किरकिरी हुई थी।उक्त खबर के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहरसा ने पंचायत सचिव सह सदस्य सचिव पंचायत शिक्षक नियोजन ईकाई को कार्यालय पत्रांक 1224 दिनांक 19 जुलाई 2023 को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही करते हुए कार्यालय को समर्पित करने का आदेश दिया है। कहा है कि इन दोनों ईटहरी पंचायत के एक पंचायत शिक्षक का विडियो वायरल हुआ है। जिसमें शिक्षक मो. अब्दुल गफ्फार विद्यालय कक्ष में मोबाइल चलाते हुए छात्र से सर ( माथा) मालिस करवाते हुए नजर आ रहा है। जो दैनिक समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हुई है। जो एक शिक्षक के आचरण के प्रतिकूल है। जिसके लिए पंचायत नियोजन ईकाई को विधि सम्मत कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है।

## ख़ास ख़बर

### तिलक लगाने व चोटी रखने पर अध्यापक ने कीया छात्र को प्रताड़ित, पहुंचे हिंदू संगठन बजरंग दल के कार्यकर्ता




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/कैमूर-** जिला मुख्यालय भभुआं शहर के आज़ाद नगर में RPS एकेडमी स्कूल के 9 वीं कक्षा के छात्र को अध्यापक द्वारा स्कूल में तिलक लगाकर आने और शिखा (बालों की चोटी) रखने पर धमकाने और प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। छात्र ने एक अध्यापक पर धमकाने व शिखा को कटवा कर आने का आरोप लगाया है। छात्र ने यह बात अपने परिजनों को बताई, मामले को संज्ञान में आते ही सामाजिक संगठन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा छात्र के परिवार के साथ विद्यालय पहुंच, प्रधानाध्यापक से मिलकर इस घटना पर विरोध जताया। और विद्यालय में आगे से इस प्रकार की घटना ना हो की अध्यापक द्वारा किसी भी छात्र को तिलक लगाकर आने और चोटी रखने पर प्रताड़ित किया जाए। वही इस घटना पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि अब ऐसी गलती नहीं होगी हम अपने शिक्षक को आज के बाद ऐसी गलती ना होने का आश्वासन दे रहे हैं इस घटना पर पत्रकार ने जब प्रधानाध्यापक से वार्तालाप करने की कोशिश किया गया, तो उनके द्वारा किसी भी तरह की कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया गया। विश्व हिंदू परिषद सत्संग प्रमुख दक्षिण बिहार के रामायण शास्त्री ने कहा कि विद्यालयों में पढ़ाई हो लेकिन संस्कृति को ना भुला जाए अंग्रेजी की खूब पढ़ाई हो लेकिन अंग्रेज बनाने की कोशिश न किया जाए। अगर आगे से इस प्रकार का कोई भी गलती होती है तो बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### रेलवे सुरक्षा बल ने महिला को शराब के साथ गिरफ्तार किया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो सुनील कुमार/सासाराम (रोहतास)।** जिले के रेलवे सुरक्षा बल डेहरी ऑन सोन एवं स्थानीय थाना डालमियानगर के द्वारा एक महिला को 8100/-रूपिया के अवैध देसी शराब के साथ गिरफ़्तार किया है। गाड़ी संख्या 22911 डाउन से देसी शराब लेकर आ रही एक महिला रिंकू कुंवर, पति स्वर्गीय भिखारी राम, ग्राम सुभाष नगर वार्ड नंबर 14, वर्तमान ग्राम त्रिलोकी नगर वार्ड नंबर 10 थाना डालमियानगर रोहतास बिहार को 8180/ ङ्क रूपये के 110 अदद ब्लू लाइम देसी शराब के साथ रेलवे स्टेशन डेहरी ऑन सोन के प्लेटफार्म संख्या 3 से आरपीएफ के उप निरीक्षक अशोक कुमार मीणा, सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार यादव, प्रधान आरक्षी अनिल कुमार सिंह, आरक्षी अनिल प्रसाद एवं स्थानीय थाना डालमियानगर के इंचार्ज खुशी राज साथ स्टाफ के द्वारा पकड़ा गया जिससे कानूनी कार्रवाई हेतु स्थानीय थाना डालमियानगर को सुपुर्द किया गया।

### थाना प्रशासन ने चलाया वाहन जांच अभियान लगभग 7 हजार रुपए की वसूला गया जुर्माना राशि



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कुदरा सदर/कुदरा-** (कैमूर) थाना प्रशासन द्वारा वाहन से घटना दुर्घटना वाहन की चोरी की घटनाओं की रोकथाम के मद्देनजर चलाया गया वाहन जांच अभियान, 7000 रूपए के लगभग वसूला गया जुर्माना राशि। संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि आए दिन वाहन से सड़क घटना दुर्घटना देखने को मिल रहा है। जगह जगह से वाहन चोरी की भी घटनाओं की खबर सुनने को मिलता है। जिस पर रोकथाम के मद्देनजर, वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच क्रम में हेलमेट, वाहन का प्रपत्र, चालक प्रपत्र, सीट बेल्ट के साथ है अन्य अवैध सामग्रियों की जांच किया गया। जिस क्रम में हेलमेट ना लगाने व अन्य जुर्म के तहत लगभग 7000 रूपए की जुर्माना राशि वसूला गया।

## बिक्रमगंज में कृषि विज्ञान केंद्र ने मोटे अनाज के उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन




**बिक्रमगंज से धर्मेन्द्र कुमार सिंह की रिपोर्ट/ बिक्रमगंज/ रोहतास।** गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के द्वारा मोटे अनाज फसलो के उत्पादन एवं प्रसंस्करण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए प्रोफेसर सह प्रधान डॉ0 शोभारानी ने कहा की कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण और मशीनीकृत कृषि के कारण अधिक उपज वाले बीज आ गए। जिसके बाद लोगों का रुझान चावल और गेहूं के उत्पादन के प्रति बढ़ गया है। परिणामस्वरूप मोटे अनाज की खपत और खेती दोनों सीमित हो गई। परंतु वर्तमान समय और बदलती जलवायु परिस्थितियों के मद्देनजर किसानों को मोटे अनाजों का उत्पादन करने की जरूरत है। मोटे अनाज की फसल में अन्य समान फसल की तुलना में कम जल और कृषि साधनों (इनपुट) की जरूरत होती है। इन अनाजों में प्रमुख रूप से मडवा, चीना पुटकी, बाजरा, कोदो सावां, एवं कंगनी इत्यादि फसलें आती हैं। इन्हें न्यूट्री-सीरियल्स के रूप में जाना जाता है क्योंकि ये मानव शरीर के लिए आवश्यक अधिकांश पोषक तत्व प्रदान करते हैं।

मोटे अनाज में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) होता है और यह मधुमेह की रोकथाम में भी मददगार होते हैं। ये आयरन, जिंक और कैल्शियम जैसे खनिजों का अच्छा स्रोत हैं। मोटे अनाज वजन कम करने और उच्च रक्तचाप में मददगार होते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर रामाकांत सिंह ने मोटे अनाजों की खेती की जानकारी उपस्थित महिला कृषकों को प्रदान की। उन्होंने बताया की सभी तरह के मोटे अनाजों की खेती रोहतास जिले में की जा सकती है विशेषकर डेहरी, तिलौथू, रोहतास, चेनारी इत्यादि प्रखंडों में इसकी खेती व्यापक पैमाने पर संभव है। जिले में कुछ किसान इसकी खेती कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं चुकी आमतौर पर मोटे अनाज गेहूं एवं चावल से अधिक कीमत पर बाजार में बिकते हैं। मत्स्य वैज्ञानिक आर के जलज ने बताया कि बदलते जलवायु में पानी की कमी के कारण मोटे अनाज वर्गीय फसल को उपजाना ज्यादा अच्छा है और इसको खाने में प्रयोग करने से स्वास्थ्य के लिए भी बेहद अनुकूल है। आजकल मोटे अनाज के आटे द्वारा बिस्कुट, लड्डू केक एवं चॉकलेट इत्यादि बनाकर बाजार में बेचे जा सकते हैं। डॉ रतन कुमार ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा वर्तमान में पोषण सुरक्षा हेतु इन अनाजों का बढ़ावा दिया जा रहा है मिड डे मील एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना में इन अनाजों को शामिल कर उपलब्ध कराया जा रहा है। जीविका कोऑर्डिनेटर प्रियदर्शनी की अगुवाई में सूरजपुरा, धनगाई, मानी, तिलई इत्यादि ग्रामों से कुल 40 महिला प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। महिला किसानों में मीना देवी, नेहा कुमारी, माया देवी, उषा देवी, रेखा देवी, सिंकी कुमारी, रितु कुमारी, खुशबू कुमारी, दमयंती देवी, धर्मशिला कुमारी इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम में हरेंद्र कुमार, सुबेश कुमार, प्रवीण कुमार, अभिषेक कुमार, राकेश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## नगर परिषद बोर्ड की बैठक में हुआ जमकर हंगामा, बैठक छोड़कर भागे नगर सभापति व कार्यपालक पदाधिकारी





**दैनिक शुभभास्कर संवाददाता अनुमंडल भभुआं/ कैमूर-** जिला के भभुआं नगर परिषद बोर्ड की बैठक में जमकर बैठक छोड़कर भागे नगर सभापति व कार्यपालक पदाधिकारी। आपको बताते चलें कि बृहस्पतिवार नगर परिषद बोर्ड का बैठक किया गया। जिस दरम्यान वार्ड पार्षदों ने जमकर किया हंगामा, जिस वजह से नगर सभापती और कार्यपालक पदाधिकारी बैठक छोड़कर फरार हो गए, काफी देर के बाद जब मीडिया कर्मी पहुँचे, तो दोनों सभा मे सम्मिलित हुए। नगर परिषद में योजनाओं को लेकर बोर्ड की बैठक चल रही थी, तभी वार्ड 17 के पार्षद ने चमन लाल पोखरे की साफ सफाई का मुद्दा उठा दी और आरोप लगाई की पोखरे की सफाई अभी तक नहीं हुआ जब की कार्यपालक पदाधिकारी का कहना था, कि सफाई हो चुकी है। फिर क्या था हंगामा शुरू हो गया। कार्यपालक पदाधिकारी जब जबाब नहीं दिए, तो नगर सभापति से जबाब मांगा गया। जिसको लेकर नगरसभापति भड़क गए, और बैठक छोड़ अपने चेम्बर में जाकर बैठ गए। काफी देर बाद बैठक में पहुचे।वही वार्ड पार्षदों का कहना था कि बैठक सब ठीक ठाक चल रहा था, जब वार्ड पार्षदों ने अपने अपने वार्ड के योजना और साफ सफाई का मुद्दा उठाया, तो कार्यपालक पदाधिकारी ने जबाब देने से इंकार कर दिया। तो नगर सभापति से पूछा गया वह भी भड़क कर बैठक छोड़ भाग खड़े हुए। जिसपर वार्ड पार्षदों ने तत्काल बोर्ड के बैठक का अध्यक्ष उप नगर सभापति को बना कर अपना समस्या बताने लगे तभी कार्यपालक पदाधिकारी और नगर सभापति बैठक में पहुँचे।




पार्षदों ने आरोप लगाया कि ऐसा नगर परिषद के बोर्ड की बैठक होती है, कि जब साफ सफाई की मांग उठाया जाए तो दोनों फरार हो जाए।वही नगर सभापति विकास उर्फ बबलू तिवारी ने वार्ड पार्षदों के आरोप को खण्डन करते हुए बोला कि गुस्सा कर के हम बैठक नही छोड़े कुछ काम था,जो कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यक्षेत्र में आता है, और वह सवाल हमसे पूछा जाता है, जो गलत है। बोर्ड की बैठक में जो भी योजना पास होगा, उसपर मेरी भी सहमति होगी।वही कार्यपालक पदाधिकारी दिन दयाल लाल ने बताया की नगर परिषद अधिनियम के तहत वार्ड पार्षद का जबाब सभापति देते है। पर हमपर जबरन दबाव बनाया जा रहा था,हम बैठक छोड़ कर नही भागे बल्कि ङ्क्ष्ट था।सच्चाई जो भी हो पर नगर परिषद के बोर्ड में इतना हंगामे हो कि नगर सभापति और कार्यपालक पदाधिकारी बीच में बैठक भाग खड़े हो तो कई सवाल खड़ा होता है।भभुआं नगर परिषद में योजनाओं को लेकर वार्ड और नगर सभापति, कार्यपालक पदाधिकारी के बीच बैठक में हंगामा होना बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण है।

## मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति का किया गया बैठक



**दैनिक भास्कर संवाददाता रोहतास/**रोहतास- जिला के बिक्रमगंज अनुमंडल अंतर्गत काराकाट थाना परिसर में गुरुवार को मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति का किया गया बैठक।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार के द्वारा किया गया।बैठक के दौरान काराकाट अंचलाधिकारी राजीव रंजन , आरओ जितेंद्र कुमार तथा थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने ताजिया जुलूस निकाले जाने वाले जगहों की जानकारी ली। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा कहा गया, कि पर्व त्योहार आपसी भाईचारे शांति का पैगाम देने वाला है । उन्होंने कहा कि इस पर्व को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर जुलूस निकालने वाले कमेटी को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा । प्रशासन के निर्देश का पालन करते हुए ताजिया तय मार्ग से ही ले जाना अनिवार्य होगा । साथ ही सीओ राजीव रंजन ने भी जनप्रतिनिधियों से पर्व को शांतिपूर्वक और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की । तत्पश्चात थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा कि उपद्रव फैलाने वाले लोगों की सूचना पुलिस को दें । ताकि वैसे लोगों को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जा सके । मौके पर बीडीओ राहुल कुमार , सीओ राजीव रंजन , थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ,आरओ जितेंद्र कुमार , अपर थानाध्यक्ष नेहा कुमारी, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नारायण पासवान, बेनसागर पंचायत मुखिया अनिल सिंह, सकला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि संत कुमार, मोथा पंचायत मुखिया अभिभावक लालबाबू साह, पंचायत समिति किरही पंचायत अजय साह, जयश्री पंचायत ओम प्रकाश, काराकाट पंचायत लक्ष्मण साह, मानिक परासी पंचायत सतेन्द्र मिश्र सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे ।

### निर्वाचन सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/कुदरा-** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कुदरा कि अध्यक्षता एवं अनुमंडल पदाधिकारी मोहनियां के नेतृत्व मे निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर कार्यो के त्वरित एवं दक्षता पूर्ण निष्पादन के निमित्त 11:00 बजे प्रखंड स्थित बीआरजीएफ भवन कुदरा में एक प्रशिक्षण आहूत की गई जिसमे सभी BLO को मतदान केन्द्रो का भौतिक सत्यापन, अपने अपने क्षेत्रो मे दिनांक 21.07.2023 से दिनांक 21.08.2023 तक कर प्रपत्र-6,7 एवं 8 को भरने के बारे मे मास्टर ट्रेनर अशोक तिवारी, मनोरंजन चतुर्वेदी एवं फिरोज अंसारी द्वारा बताया गया

### बेहोशी की हालत में घायल व्यक्ति को ह्ाद्ब व दुर्गावती पुलिस की मदद से लाया गया पीएचसी, इलाज जारी



**कैमुर दुर्गावती/** दुर्गावती में नेशनल हाईवे दो के किनारे अचेत अवस्था में एक घायल व्यक्ति को एनएचएआई व स्थानीय पुलिस की मदद से दुर्गावती पीएचसी पहुंचाया गया। जिसके बाद चिकित्सकों के द्वारा घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। दरअसल जानकारी के अनुसार दुर्गावती थाना क्षेत्र के पिपरिया के समीप नेशनल हाईवे 2 के किनारे एक अचेत अवस्था में घायल व्यक्ति पड़ा था। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा एनएचएआई व स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद आनन-फानन में मौके पर पहुंची एनएचएआई विभाग की टीम अपने एंबुलेंस में घायल व्यक्ति को लेकर दुर्गावती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर इलाज शुरू किया गया। घायल व्यक्ति की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

**सेमिनार** कार्यक्रम में सिद्धार्थ नगर उत्तर प्रदेश के राधेश्याम ने बतौर मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई।

## जीवन को सफल कैसे बनाएं विषय पर सेमिनार का किया गया आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रोहतास/**रोहतास- जिला के बिक्रमगंज अनुमंडल अंतर्गत द डिवाइन स्कूल के सभागार में जीवन को सफल कैसे बनाएं विषय पर सेमिनार का किया गया आयोजन, मनुष्य को बाहर की रौशनी से नही बल्कि अंदर की रौशनी से मिलती है सफलता। विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए द डिवाइन पब्लिक स्कूल के सभागार में "जीवन को सफल कैसे बनाएं" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सिद्धार्थ नगर उत्तर प्रदेश के राधेश्याम ने बतौर मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई।विदित हो कि राधेश्याम नेत्रहीन होते हुए भी 39 बार माता वैष्णो देवी मंदिर की चढ़ाई चढ़ चुके हैं।विद्यार्थियों के अंदर संघर्ष के प्रति जिज्ञासा की प्रेरणा देने के उद्देश्य से, विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें विद्यालय प्रांगण में आमंत्रित किया।राधेश्याम ने बताया कि बाहर की रौशनी से जीवन में फर्क नहीं पड़ता बल्कि अंदर की रौशनी से जीवन में सफलता आती है।इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रा कुमारी सोनाली सिंह जो वर्तमान में आर्मी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पुणे में बीटेक की तृतीय वर्ष की छात्रा है। जिनको प्रशस्ति पत्र एवं द डिवाइन श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।उनके माता- पिता को भी अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। सोनाली ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने मन को भटकाना नहीं चाहिए।मन को एकाग्र रखें एवं जिस क्षेत्र में आपकी रुचि हो उसमें पूरी ताकत और समर्पण से लग जाएं तो सफलता आपके कदम चूमेगी।विद्यालय के सह निदेशक अखिलेश कुमार ने सोनाली के सफल एवं सुखमय भविष्य की कामना करते हुए अपने संबोधन में संस्कार सम्पन्न होने की शिक्षा दी।उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार ही व्यक्ति को महान बनाता है।माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान आपके जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है।कार्यक्रम के अंतर्गत सभागार में उपस्थित विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने अपने मन में उठ रहे विभिन्न प्रश्नों को पूछा एवं उनके उत्तर जानकर अपनी जिज्ञासा पूरी की । इस अवसर पर आईआईटीयन अमितेश्वर आनंद , कुमारी अर्चना सिंह, कमलेश कुमार तथा अभिषेक कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति थी।

## 20 जुलाई का दिन है जो अतंरिक्ष और चाँद के पर इंसानी कदम के नजरिये से काफी महत्वपूर्ण है



**भभुआ कैमुर/शुभ भास्कर/** गुरूवार को "इन्टरनेशनल मून डे" के अवसर पर शिवम कुमार के नेतृत्व में नगरपालिका मध्य विद्यालय भभुआ में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विघालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिवम कुमार ने बताया कि चन्द्रमा की ओर भारत की एक और उड़ान चन्द्रयान -3 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण इसरो और उसके वैज्ञानिकों के साथ-साथ देशवासियों के लिए गर्व का एक और अविस्मरणीय क्षण हैं। अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस हर साल 20 जुलाई को उस दिन की सालगिरह को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है जब मनुष्य पहली बार नासा के अपोलो 11 मिशन के हिस्से के रूप में चंद्रमा पर उतरे थे। प्रतिवर्ष 20 जुलाई को सम्पूर्ण विश्व में इन्टरनेशनल मून डे मनाया जाता है। बच्चों को संबोधित करते हुए शिवम ने कहा कि इन्टरनेशनल मून डे 2023 की थीम "मानवता के लिए नई चन्द्र यात्रा की शुरुआत" पर बच्चों को इससे जुड़ी मजेदार नयी-नयी जुड़ी रोचक जानकारियों को बताया गया। 20 जुलाई का दिन है जो अतंरिक्ष और चाँद के पर इंसानी कदम के नजरिये से काफी महत्वपूर्ण है। आज के ही दिन 1969 में इंसानों ने पहली बार चाँद पर कदम रखा था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हर साल 20 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। 20 जुलाई 1969 को अमेरिका के अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और बज़ एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरे थे। जिस जगह पर इनकी लैंडिंग हुई थी उस जगह को उन्होंने ट्रैंक्विलिटी बेस नाम दिया था। आज उसी की याद और सभी को उसके बारे में जानकारी देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस मनाया जाता है। इसी दिवस को यादगार बनाने के लिए आप लोगों के विघालय में ये कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पेंटिंग प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रविता कुमारी, लिलावती कुमारी रही। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर पेंटिंग बना कर जागरूकता का दिया संदेश। सभी छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखते हुए चयन किया गया। दो वर्गों में पेटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें सीनियर में प्रथम स्थान खुशबू परवीन , द्वितीय स्थान राधा कुमारी, तृतीय स्थान धर्मवीर कुमार को चुना गया। जूनियर में प्रथम स्थान निखिल कुमार, द्वितीय स्थान अंजली कुमारी, तृतीय स्थान अंजू कुमारी को चुना गया।

## ख़ास ख़बर

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने चलाया सदस्यता अभियान



**राजमहल–** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घाटजमनी पंचायत के बुधवरिया गांव में जेएमएम कार्यकर्ता की ओर से गुरुवार को सदस्यता अभियान चलाया गया। वही जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव सह बीस सुत्रीय प्रखंड उपाध्यक्ष सुदर्शन पासवान ने किया। वही इस दौरान उन्होंने ने ग्रामीणों को हेमंत सरकार के कार्यकाल में हुए उपलब्धियों को बताया साथ ही ग्रामीणों से आनेवाले चुनाव के विषय पर चर्चा करते हुए पार्टी में सामिल होकर इसे और भी मजबूत करने की बात कही गई। वही सदस्यता अभियान के दौरान दर्जनों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण किया और मौके पर प्रखंड संयोजक धर्मेंद्र मंडल, गोविंद मंडल, पंचायत अध्यक्ष सुधीर मंडल, सचिव भागवत मंडल, अजय पासवान, तपेश मंडल, शशिकांत यादव, सौरव यादव, रोहित मंडल, लालू यादव, सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वास्थ्य जागरूकता के तहत विद्यालय में हुआ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**राजमहल–** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय मंगलहाट में गुरुवार को अनुमंडल अस्पताल राजमहल स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक देवकांत कुमार ने किया। जहां केटीएस मनिष टुडु के द्वारा विद्यार्थियों को काला जर, डेंगू, मलेरिया, टीबी, फ्लेरीया आदि वैक्टर जनीत रोग के अंतर्गत सभी रोगों के बारे में बारी बारी से उनके लक्षण, कैसे फैलती है और इसके बचाव के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। वही इसके पश्चात उक्त जानकारी देने से संबंधी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही क्विज प्रतियोगिता में उत्तीर्ण होने वाले प्रथम श्रीधि कुमारी, द्वितीय पायल कुमारी, तृतीय नीरज कुमार मंडल को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने पुरस्कृत किया और मौके पर एसटीएस संजय यादव, केटीएस मनिष टुडू, एमपी डब्ल्यू दीपक कुमार सिंह, शशिकांत झा, विजय कुमार पासवान सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवकांत कुमार, विजय पांडेय, राजू झा व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## मणिपुर की घटना को लेकर रेलवे स्टेशन चौक पर झामुमो व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला



**साहिबगंज–** शहर के रेलवे स्टेशन चौक मोड़ के पास झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के जिलाध्यक्ष शाहजहां अंसारी एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुकूल चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में मणिपुर में 2 महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की घटना को लेकर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान सभी कार्यकर्ता मोदी सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। वही कार्यकर्ताओं की मांग थी कि जिस प्रकार से मणिपुर में 2 महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया गया और इस मामले में देश के प्रधानमंत्री अब तक चुप्पी साधे हुए हैं यह पूरी तरह से गलत है। वही इन सब बातों के विरोध में ही यह पुतला दहन किया गया। इस मौके पर झामुमो एवं कांग्रेस के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सूबे के मंत्री आलमगीर आलम के क्षेत्र में हो रहे हैं विकास कार्य को देखकर बौखलाए विपक्ष, पूर्व विधायक अखिल अख्तर ने फेसबुक पर कसा था मंत्री पर तंज



**बरहरवा–** झारखंड में पक्ष और विपक्ष की तंज हमेशा से प्रभावी रही है। वही इसी क्रम में ज्ञात हो कि 19/07/2023 को पूर्व विधायक अकील अख्तर ने अपने फेसबुक आईडी से आहूत ग्राम हॉस्पिटल के बारे में गलत आरोप ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम पर लगाया था।

वही इस पर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी साहिबगंज के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पलटवार करते हुए आरोप को खारिज कर कहा की सन 2008 में मधु कोड़ा की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही के समय तत्कालीन स्पीकर जनाब आलमगीर आलम साहब ने आहुतग्राम और श्रीकुण्ड में अस्पताल निर्माण कार्य का स्वीकृत करवाया था।

जिसका निर्माण सन 2012 में हुआ था। उस समय पाकुड़ विधानसभा के विधायक अकील अख्तर थे और आहूतग्राम में जो अस्पताल होना था उसे अखिल अख्तर ने रहमतपुर के नीचे जमीन पर बनवाने का काम किया और वह भी अपने कार्यकर्ता के द्वारा जो जमीन पर बनवाया वह उसी कार्यकर्ता का था और अकिल अख्तर के द्वारा इस मंशा से उसको उस कार्य को करवाया गया ताकि उनके जमीन का मुआवजा उसी भवन के निर्माण से हो जाए जिस कारण भवन का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हो सका चाहते तो अकील अख्तर उसी समय भवन का उद्घाटन कर डॉक्टर और नर्स बहाल करवा कर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवा सकते थे।

वही वर्तमान समय में ग्रामीण विकास मंत्री जनाब आलमगीर आलम साहब ने आहूतग्राम एवं श्रीकुण्ड अस्पताल का मरामती कार्य का अनुशंसा किया है जिसका टेंडर भी हो चुका है और इसका निर्माण कार्य बहुत जल्दी शुरू हो जाएगा इस हॉस्पिटल का निर्माण हो जाने से आसपास के लोग स्वास्थ सेवा का उचित लाभ ले सकेंगे एजेएसयू वाले सिर्फ और सिर्फ मंत्री के विकास कार्य को देखकर उल्टा पुल्टा मीडिया में बयानबाजी करते है। वही जनता इसका जवाब आने वाले समय में देगी।

## लौटरी किंग मुज्जमिल शेख को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल





**बरहरवा–** साहिबगंज व पाकुड़ जिला में अवैध लौटरी के चल रहे साम्राज्य के सबसे बड़े माफिया कहे जाने वाले मुज्जमिल शेख को राधानगर थाना पुलिस ने बुधवार को धर दबोचा है।

मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार मुज्जमिल शेख अवैध लौटरी के काले कारोबार में पिछले कई वर्षो से काबिज था और छोटे बड़े एजेंटो के माध्यम से करोड़ो रूपये की अवैध लौटरी की तस्करी व खरीद फरोख्त बड़े पैमाने में करता रहता था।

जहाँ बीते दिनों बरहरवा थाना पुलिस ने बरहरवा हरिजन टोला से लगभग 20 करोड़ की अवैध लौटरी के साथ मुज्जमिल शेख के दो गुर्गो को गिरफ्तार किया था जिस मामले में अन्य के साथ मुख्य संचालक मुज्जमिल शेख भी नामजद अभियुक्त शामिल था। उधर अवैध लौटरी के धंधे से जुड़े 2 गुर्गों के गिरफ्तार होने के बाद भी अवैध लौटरी के कारोबार की गति कुछ धीमी तो हुई थी परन्तु कुछ समय बाद पुनः इस अवैध कारोबार का सिलसिला पुलिस की नज़रों में धूल झोंककर फिर से जारी थी। जहां कुछ समय बाद गुप्त सुचना के आधार पर राधानगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के मसना से लगभग 35 करोड़ की अवैध लौटरी की बरामदगी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया था जिसने अपने स्वीकरोक्ति बयान में मुख्य संचालक के मुज्जमिल शेख के संरक्षण में काम करने की बात पुलिस को बताई थी। जहां इस मामले में बरहरवा, पाकुड़, कोटालपोखर, तीनपहाड़ जैसे इलाके के विभिन्न तस्करों पर प्राथमिकी दर्ज कर जाँच व छापेमारी जारी रखी गई थी।

ज्ञात हो कि मुज्जमिल शेख पर अवैध लौटरी तस्करी करने को लेकर जिले के अलग अलग थानों में कई प्राथमिकी दर्ज है। इन्ही मामलों में पुलिस को लंबे समय से मुज्जमिल शेख की तलाश थी।

जहां बीते दिनों राधानगर थाना पुलिस ने बरहरवा थाना क्षेत्र के हरिजन टोला स्थित मुज्जमिल शेख के आवास पर ढोल नगाड़े के साथ न्यायिक इश्तेहार चिपका कर जल्द सरेंडर करने की हिदायत दी थी परंतु इसके बावजूद मुजम्मिल शेख पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे उधर पुलिस की तबतिश लगातार जारी थी। वही राजमहल एसडीपीओ प्रदीप उरांव ने गुरुवार को राधानगर थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि बुधवार की रात राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार को गुप्त सूचना मिली की राधानगर थाना कांड सं. 19/22 भादवि के धारा 188/ 269/ 270/ 271/419/420/34 एंव 07 लौटरी रेग्युलेशन एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त मोजम्मिल शेख बरहरवा थाना क्षेत्र के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित अपने आवास पर मौजूद है।

जहां सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राकेश कुमार ने वरीय पदाधिकारी को घटना से अवगत कराते हुए एक छापेमारी दल का गठन किया। इस दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में प्रोफेसर कॉलोनी बडहरवा पहुँचकर मोजम्मिल शेख के घर को छापेमारी दल की सहायता से घेर लिया गया। वही विधिवत तरीके से घर की तलाशी लेने पर मोजम्मिल शेख को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया और उसे गिरफ्तार कर राधानगर थाना लाया गया। वही गुरुवार को मोजम्मिल शेख से पूछताछ करने पर उसके निशानदेही के आधार पर बिंदुधाम रोड स्थित उनके सहयोगी असमाउल शेख के घर से नागालैंड स्टेट के विभिन्न कंपनियों का प्रतिबंधित लॉटरी टिकट बंडल, लॉटरी टिकट से संबंधित लेखा जोखा रजिस्टर व एक पुराना एचपी लेजर जेट 1020 प्लस प्रिंटर बरामद किया गया।

वही बरामद किए गए अवैध लौटरी टिकट की अनुमानित मुल्य 3.5 लाख रुपए बताया गया है हालांकि इस लौटरी के धंधे में संलिप्त अभियुक्त असमाउल शेख घर से फरार पाए गए। वही पुलिस ने गुरुवार को मोजम्मिल शेख को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वही लौटरी किंग के नाम से मशहूर मोजम्मिल शेख के विरुद्ध राधानगर थाना में तीन कांड 19/22, 164/22 व 265/22 दर्ज है तो वही बड़हरवा थाना में कांड सं. 141/22 एवं 150/21 फिर से दर्ज है।

## मक्का मदीना से हज करके सकुशल वापस लौटा हाजियों का जत्था, मस्जिद कमिटी के सदस्यों ने रेलवे स्टेशन पर किया स्वागत



**साहिबगंज–** जिला मुख्यालय से एक दर्जन से भी अधिक संख्या में हज यात्रा पर गए हाजियों का जत्था मक्का मदीना से वापस हज करके सकुशल वापस लौट आया है। जहां रेलवे स्टेशन पर एकरा कॉलोनी मस्जिद कमिटी के सदस्यों ने सभी हज यात्रा पर गए हाजियों का जोरदार स्वागत किया। मिली जानकारी के अनुसार हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों में हाजी जाबिर आलम, गुलसे आलम,समूल हक,रबीना खातून, गुलजहाँ खातून के अलावे कई अन्य यात्री हज यात्रा पर मक्का मदीना गए हुए थे। मक्का मदीना से सकुशल हज करके लौटने पर एकरा कॉलोनी मस्जिद कमिटी के सदस्यों दानिश अली समेत कई अन्य सदस्यों ने सभी हज यात्रियों का स्वागत करते हुए बधाई दी।

## नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई



**साहेबगंज–** प्रखंड पतना लखीपुर पंचायत में लखीपुर हटिया पड़ा चौक में 25 केबीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। वही इसका विधिवत उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि सुरेश टुड्डू, उपमुखिया छोटो मरांडी और प्रमुख प्रतिनिधि का पति बड़का हेंब्रम ने फीता काट कर किया। वही सांसद प्रतिनिधि ने अपने संबोधन में कहा की ग्रामीणों की समस्या पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा पार्टी गंभीर है। इस गांव के ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर खराब होने से अंधेरा में रहना पड़ रहा था। इस संबंधित सूचना पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया है, उद्घाटन के बाद गांव रौशनी से जगमगा उठी है। वही उन्होंने कहा की बिजली समस्या ग्रामीण क्षेत्र में कभी नहीं होने दिया जाएगा और समस्या होने पर तुरंत सूचना दें उन्होंने कहा कि मैं आपका सेवक हूं। वही मौके पर पंचायत अध्यक्ष बरनाबस टुड्डू, झामुमो कार्य कर्तागण कासिम अंसारी, संजय सह, बैजू मरांडी, संतोष टुड्डू, हेमंत गोराई, जयश्री यादव, प्रेमलाल यादव, पिंकु यादव संदीप साह, अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## क्षेत्रीय उप निर्देशक ने किया अटल मोहल्ला क्लिनिक का निरीक्षण



**बरहड़वा–** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 10 स्थित कहारपाड़ा अटल मोहल्ला क्लिनिक का निरीक्षण गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय उपनिदेशक डॉ अजय कुमार सिंह ने किया। वही निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने अटल मुहल्ला क्लिनिक के चिकित्सक से स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ली गई। इसके साथ मरीज देखने, दवाई वितरण आदि अन्य रेजिस्टर की जांच की गई। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से अटल मोहल्ला क्लिनिक खोला गया है। वही उसका लाभ लोगों को मिलना चाहिए और समय पर क्लिनिक खोलने और लोगों को वेहतर चिकित्सा लाभ लोगों को मुहैया कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि क्लिनिक में जो भी कमियां हैं उसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। इस मौके पर बरहड़वा सीएचसी के बीपीएम दिनेश कुमार, बैम प्रताप कुमार सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न एवं आपत्तिजनक फोटो वायरल करने को लेकर प्राथमिक दर्ज



**बोरियो–** नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न एवं सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने तथा टुकड़े टुकड़े कर काटने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित व्यक्ति ने पथरा सोसो टोला निवासी राजेश साह (25वर्ष) पिता हीरालाल साह के बिरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जहां बोरियो थाना प्रभारी को दिए गए लिखित आवेदन में पीड़ित व्यक्ति ने जिक्र किया है की उसकी नाबालिग बहन के साथ राजेश साह द्वारा जबरन शादी का प्रलोभन देते हुए तीन वर्षो से यौन उत्पीड़न किया जा रहा है तथा कई बार विरोध करने पर टुकड़े टुकड़े काटकर हत्या करने की धमकी दी गई है। वही राजेश साह के द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो वायरल भी कर दिया गया है। उधर इस मामले को लेकर बोरियो थाना प्रभारी निरंजन कच्छप ने बताया कि थाना कांड संख्या 184/23 दर्ज करते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**बयान** मणिपुर में 56 दिनों के बाद भी हिंसक घटनाओं को रोकने में विफल रहे राज्य के मुख्यमंत्री- विजय शंकर नायक

# केंद्र की भाजपा सरकार मणिपुर में हिंसा की घटनाओं को रोकने में नही ले रही रुचि- विजय शंकर नायक



**राँची–** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में 56 दिनों के बाद भी हिंसक घटनाओं को रोकने में विफल रहे राज्य के मुख्यमंत्री एन. वीरेन सिंह को अविलंब राष्ट्पति महोदया धारा 356 का शक्ति का उपयोग करते हुए बर्खास्त करें और तुरंत वहां राष्ट्पति शासन लागू करें। उपरोक्त बातें झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने मणिपुर में दो महिलाओं को नंगा कर निर्वस्त्र करके जुलुस के शक्ल मे घुमाने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में कही। वही उन्होंने इस घटना मानवता को शर्मसार करने वाला कलंक बताते हुए कहा कि मणिपुर 56 दिनों से हिंसा की आग में जल रहा है जहां अब तक 120 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वही तीन हजार से ज्यादा लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। वही करीब 50 हजार लोग अपना घर बार छोड़कर रिलीफ कैम्प में रहने को मजबूर हैं। उधर मणिपुर की घटना को लेकर श्री नायक ने आज स्पष्ट शब्दों में कहा कि मणिपुर में विधि व्यवस्था फेल हो चुकी है और वहां पर कानून का राज समाप्त हो चुका है। ऐसे में एक ही विकल्प मणिपुर को शांत करने के लिए अमन चैन बहाली करने के लिए जन जीवन को सामान्य करने के लिए वहां पर राष्ट्पति महोदया व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप कर वहां पर राष्ट्पति शासन लागू कर पूर्वोत्तर राज्य को सेना के हवाले किया जाना चाहिए ताकि वहां अमन चैन और शांति बहाल हो सके और हिंसक घटनाओं पर रोक लगाया जा सके। वही श्री नायक ने आगे कहा कि मणिपुर में तीन मई को कुकी समुदाय की ओर से निकाले गए %आदिवासी एकता मार्च% के दौरान हिंसा भड़की थी। इस दौरान कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प हो गई थी तब से ही वहां हालात तनावपूर्ण आज तक बनी हुई हैं।

ऐसा में उनका व्यक्तिगत रूप से मानना है कि बातचीत से ही इस हिंसा को शांत किया जा सकता है, लेकिन समस्या ये है कि दोनो समुदाय बातचीत के लिए कोई तैयार हो नहीं रहा है ऐसे विषम परिस्थिति में केंद्र सरकार की को चाहिए कि तीनो समुदाय के लोगों को विश्वास में लेकर एक वार्ता का दौर शुरू कराना चाहिए ताकि किसी भी हालत में मणिपुर राज्य में अमन-चैन कि स्थापना हो सके। वही उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार मणिपुर में हिंसा की घटनाओं को रोकने में रूची नही ले रही है खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति एक बार नही कइ बार फेल हो चुकी है।

## प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को दिया गया प्रशिक्षण



**तालझारी–** प्रखंड कार्यालय सभाकक्ष में गुरुवार को बोरियो विधानसभा के तालझारी प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने का प्रमाणीकरण से संबंधित प्रशिक्षण के साथ बैठक की गई। इस दौरान निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम राहुल जी आनंद जी, बीडीओ सह सीओ साइमन मरांडी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी परमेश्वर किस्कु उपस्थित रहे।

जहां बैठक के दौरान 21 जुलाई से 21 अगस्त तक क्षेत्र के सभी बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं का पुनरीक्षण तहत 01/01/24 तक 18 वर्ष पूर्ण होने वालों का प्रपत्र 6 भरकर नाम मतदाता सूची में दर्ज करना है।

वही बीएलओ को अधिक से अधिक संख्या में आवेदन भरने का निर्देश दिया गया। वही सत्यापन के दौरान जिनकी मृत्यु हो चुकी है, दूसरे जगह चले गए हो, स्थांतरित हो गए हो या जिस लड़की की शादी हो चुकी है, उसका प्रपत्र 7 भरकर नाम हटाना है। वही बमतदाता सूची में नाम, संबंध, लिंग, आयु सभी का सुधारने के लिए प्रपत्र 8 भरने के लिए विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। वही सत्यापन के समय में मतदाता का रंगीन फोटो लेकर फॉर्म 8 में भरने का प्रशिक्षण दिया गया और जल्दी जल्दी पुराने फोटो को सुधार करने का निर्देश दिया गया। वही निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम राहुल जी आनंद जी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सभी बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित था उसी को लेकर बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही 21 जुलाई से 23 अगस्त तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें सभी बीएलओ को क्या करना है कैसे करना है इसकी विशेष जानकारी दी गई। साथ ही निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीएम ने बीएलओ को डोर टू डोर जाकर वोटरों का सत्यापन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सभी बीएलओ, सुपरवाइजर, जेईई, पंचायत सचिव रोजगार सेवक सहित अन्य उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

# इंस्टाग्राम पर विशेष धर्म के ऊपर अभद्र,भड़काव टिप्पणी को लेकर युवक को भेजा जेल



**राहुल दास,ब्यूरो रिपोर्ट/हिरणपुर,(पाकुड़)-** सोशल मीडिया पर किसी विशेष धर्म के ऊपर अभद्र व भड़काव टिप्पणी करने को लेकर पुलिस ने बुधवार की रात हिरणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़तल्ला से नियाज अंसारी उर्फ नाजु खान (19) को गिरफ्तार किया। जिसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने दर्ज मामले में आरोप लगाया है,कि सुचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जिसका इंस्टाग्राम सोशल मीडिया आईडी नाज्जु खान 3 नाम से है। जो बड़तल्ला का निवासी है।इसके द्वारा किसी विशेष धर्म के ऊपर अभद्र टिप्पणी कर विभिन्न सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है। जिससे दो समुदाय के बीच साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है। गांव में शाम को जाकर अनुसंधान करने पर पता चला कि उक्त इंस्टाग्राम संचालक नियाज अंसारी है। जो अपने इंस्टाग्राम के माध्यम से सोशल मीडिया में किसी धर्म विशेष को ठेस पहुंचाने की भावना से जानबूझकर टिप्पणी करते हुए वायरल कर रहा है। इंस्टाग्राम संचालक के पास से रेडमी मोबाइल भी बरामद किया गया। जिससे वह टिप्पणी कर वायरल कर रहा था। जिसे आरोपी ने स्वीकार भी किया। जिसे पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी धर्म विशेष के ऊपर अभद्र टिप्पणी करना संगेय अपराध है।

# बंगाली एसोसियेशन समिति का पुनर्गठन किया गया



**हिरणपुर,(पाकुड़)-** बुधवार शाम बंगाली एसोसियेशन की बैठक मोयरा मोदक दुर्गा मंदिर प्रांगण आयोजित हुई। जिसमें प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन किया गया। इस बैठक में एसोसियेशन के जिला सभापति मुकुल भट्टाचार्य, अधिवक्ता निरंजन घोष , प्रवीर भट्टाचार्य व देव मुखर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभिजीत दत्ता ने किया। बैठक में अजित दत्ता को संरक्षक व नयन सेन को अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। इसी तरह राजकुमारी लाहा उपाध्यक्ष, पार्थो प्रीतम दत्ता कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार दत्ता सचिव, जयंत मण्डल व बापी दास सह सचिव सहित चन्दन दत्ता सह कोषाध्यक्ष, सदस्यों में सुदीप सेन, नन्द दुलाल दे, भाष्कर बर्धन, शम्भू रक्षित, सुरजीत घोष, जोबा दत्ता, सुकुमार सेन, सुभाष रक्षित ,मानव भुजंग ,अचिंत चांद का चयन किया गया। जिला सभापति ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बंगाली भाषा को संरक्षित करने का अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिवक्ता ने कहा कि मातृ भाषा की रक्षा करना हमारा परम् कर्तव्य है। संविधान की धारा में भी बंगला भाषा को लेकर स्पष्ट उल्लेख है। बंगला भाषा हमारे परम्परा व संस्कृति से जुड़ी हुई है। पूरे झारखण्ड में बंगला भाषा को उचित स्थान मिला चाहिए। जिससे कि बंगला भाषी इस अधिकार से वंचित न हो। इसको लेकर संगठन के रूप में सदैव संघर्ष करते रहेंगे।

# पेंशन लाभुकों की आधार जोड़े-मनोज कुमार



**हिरणपुर,(पाकुड़)-** प्रखंड क्षेत्र के तारापुर स्थित पंचायत सचिवालय में गुरुवार को पंचायत दिवस आयोजित हुई। जहां अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने सम्बन्धित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पेंशन लाभुकों को आधार व मोबाइल नम्बर से जोड़े। यह नही किये जाने पर लाभुक पेंशन से वंचित हो सकता है। पंचायत दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया था। जिसमे मधुमेह , रक्तचाप आदि की जांच की गई। वही अन्य मरीजो के बीच दवा का भी वितरण किया गया। इस शिविर में शिक्षा , विद्युत आदि विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# जुए का जाल- जाली लॉटरी का धंधा धड़ल्ले से चल रहा,पुलिस कार्रवाई करने में बरत रही लापरवाही




**राहुल दास,ब्यूरो रिपोर्ट/पाकुड़-**अवैध लॉटरी का धंधा इस तरह से फल-फूल रहा है कि मानो धंधेबाज कोई जेरॉक्स दुकान चला रहा हो। इस गोरखधंधे के जरिए कई धंधेबाज करोड़पति बन चुके हैं। जबकि लॉटरी खरीदने वाले लोग अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई खो रहे हैं।खासकर रिक्शा चालक, फुटपाथी दुकानदार आदि। इस पूरे खेल के पीछे सफेदपोश लोग शामिल हैं। जिनके संरक्षण में यह गोरखधंधा चल रहा है। जो पर्दे के पीछे से पूंजी लगाते हैं, बिना रोक-टोक के धंधेबाजों का धंधा चले इसकी व्यवस्था करते हैं।

हालांकि, कभी कभार छापेमारी की भी जाती है। दो-चार खुदरा विक्रेताओं को गिरफ्तार कर अभियान की खानापूर्ति कर ली जाती है।लेकिन शहर से लेकर गांव तक में अवैध जाली एटीएम लॉटरी का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। इसके खिलाफ समुचित कार्रवाई हो मगर इसे लेकर पाकुड़ पुलिस पूरी तरह से मंद है।सूत्र के अनुसार वहीं इस अवैध जाली एटीएम लॉटरी के मास्टरमाइंड रिक्की व एखलाख एवं इनके साथ में दुलाल कर्मकार,पप्पू भगत,नेताजुल, सलीम व गांगुली सब मिलकर खुद से ही जाली एटीएम लॉटरी की छपाई करते है।जिसका अड्डा मालपहाड़ी पेट्रोल पंप निकट एक छोटे से घर मे है।और साथ ही, सोनाजोड़ी,रेलवे फाटक, नगर थाना पाकुड निकट हाटपाड़ा चाय दुकान, गांधी चौक,बस स्टैंड,तोड़ाई, आदि जगहों प्रतिदिन 20 से 25 लाख रु की जाली लॉटरी बेचा जाता है।चंद मिनटों में करोड़पति बनने के लालच में लोग लॉटरी की खरीदारी कर रहे हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है।आखिर रोजाना अखबार में खबर प्रकाशित व सोशल मीडिया ट्वीटर की मदद से प्रसाशन को जानकारी देने पर भी प्रशासन गहरी नींद में,पूछता है,पाकुड़? सरकार को राजस्व की हो रही क्षति लॉटरी से रोजाना पाकुड़ जिले में 20 से 25 लाख का कारोबार होता है। इससे राज्य सरकार को एक रुपये का भी लाभ नहीं होता है। हालांकि, दूसरे राज्य को इससे जरूर लाभ होता है। दरअसल, जिस राज्य की साइट से यहां ऑनलाइन लॉटरी खेली जाती है, वह निबंधित होता है, जो कर चुकता करता है। ऐसी स्थिति में लॉटरी से राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। देश के 13 राज्यों में लॉटरी वैध देश के 13 राज्यों में लॉटरी को वैध माना गया है। इसमें अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, पंजाब, सिक्किम और पश्चिम बंगाल राज्य शामिल हैं। शेष राज्यों में सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है। कार्रवाई का है, प्रविधान राज्य सरकार ने लॉटरी खेलने व खिलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का प्रविधान किया है।इसके खिलाफ धारा 294 ए, 420 आदि धारा के तहत कार्रवाई की जाती है। धारा 294 ए के तहत लॉटरी कार्यालय रखने पर छह माह के कारावास या जुर्माना अथवा दोनों से दंडित करने का प्रविधान है। लॉटरी संबंधित प्रस्ताव को छापना या प्रकाशित करने को भी अपराध के श्रेणी में रखा गया है। इसमें जुर्माने का प्रविधान है।

# नोडल अधिकारी ने की वृक्षारोपण अभियान की समीक्षा, 22 जुलाई को रोपे जाएंगे 40 लाख से ज्यादा पौधे



**गोण्डा ब्यूरो चीफ आवेश अंसारी शुभ भास्कर** 22 जुलाई को पूरे उत्तर प्रदेश में 30 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में जनपद गोंडा में 40 लाख से ज्यादा पौधे एक साथ रोपे जाएंगे। इसी अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद की नोडल अधिकारी निबंधक, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन उत्तर प्रदेश कंचन वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ की गई तैयारियों की समीक्षा की।नोडल अधिकारी ने वन विभाग, पर्यावरण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, आवास विकास, नगर विकास, लोक निर्माण, जल शक्ति, रेशम, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, उद्योग, उर्जा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन, रेलवे, उद्यान, गृह आदि विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वृक्षारोपण करने तथा लगातार वृक्षों की देखरेख करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों का दायित्व है कि वह वृक्षों को जीवित रखें। ग्राम वन, नंदन वन एवं आयुष वन की हो सुंदर स्थापना समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों में बनाये वाले ग्राम वन, शहरी नगर निकाय क्षेत्र में बनाये जाने वाले नंदन वन एवं वन विभाग द्वारा बनाये जाने वाले आयुष वनों की सुंदर स्थापना हो। सभी वनों की चाहरदीवारी करके बाहर बोर्ड लगाकर उनका नामकरण किया जाए। सभी वनों को एक गार्डन के रूप में विकसित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उसकी सुंदरता को देख आकर्षित हों। सभी वृक्षों पर उसकी किस्म उनके वैज्ञानिक नाम एवं वृक्ष से जुड़ी अन्य जानकारियां भी लिखी जाए जिससे पढ़ाई करने वाले छात्र व अन्य लोग उसके संबंध में जानकारी ले सकें। नोडल अधिकारी ने बीएसए, एबीएसए, डीआईओएस को निर्देश दिए कि इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी स्कूलों कालेजों के छात्र छात्राओं को शामिल किया जाए जिससे छात्र वृक्षारोपण के महत्व को समझ सकें। नई पीढ़ी को वृक्षारोपण का महत्व समझाना सबसे ज्यादा जरूरी है।

जन सहभागिता के साथ हो वृक्षारोपण नोडल अधिकारी ने कहा कि यह वृहद वृक्षारोपण अभियान जनसहभागिता करते हुये उत्सव के रूप में मनाया जाए। वृक्षारोपण अभियान में सभी जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, उद्यमियों, समाजसेवी संस्थाओं आदि को शामिल किया जाए। वृक्षारोपण अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए।इलेक्शन मोड पर होगा वृक्षारोपण कार्यक्रम जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम को निर्वाचन की तरह इलेक्शन मोड में कराने के लिए तहसील स्तर पर एसडीएम को जोनल मजिस्ट्रेट एवं ब्लॉक स्तर पर बीडीओ को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। यह मजिस्ट्रेट वृक्षारोपण अभियान के दौरान आकस्मिक कठिनाई का निस्तारण करायेंगे। इस मौके पर डीएम नेहा शर्मा ने नोडल अधिकारी से कहा कि समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी विभागों के द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वृक्षारोपण कराया जाएगा। सभी विभागों की कंट्रोल रूम के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। बैठक के बाद नोडल अधिकारी ने वन विभाग की नर्सरी का भी निरीक्षण किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला विकास अधिकारी परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# महिला सभा की जिलाध्यक्ष ने घोषित किया जिला कमेटी



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/** अयोध्या। समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर व प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा श्रीमती रिबू श्रीवास्तव की स्वीकृत पर महिला सभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव ने जिला कमेटी घोषित किया सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव, उपाध्यक्ष उर्मिला गौर, हुमैरा शकील, विमला निसाद, राजकुमारी वर्मा, लीलावती यादव, महासचिव डॉक्टर निषात अख्तर, कोषाध्यक्ष रीता रही, प्रवक्ता विद्यावती, जिला सचिव पूनम यादव, नीलम कोरी ,गीता तिवारी, मिथिलेश यादव, आरती यादव, अंशिका यादव ,मंजू यादव, नसरीन बानो, नीलम श्रीवास्तव, निशा खान, शर्मिला देवी, सविता मल्होत्रा, उमा यादव, मंजू सरोज, रेनू रावत, शारदा यादव, शिव कुमारी, रूमा, यास्मीन बानो, राजकुमारी, आरती यादव, मेहरुन्निसा बानो, अनुपम साहू, लालमती, सुशीला, संगीता वर्मा, ज्ञानमती कोरी, रेखा, जयकला मौर्य, रामा यादव, सर्वेश कुमारी, दुर्गावती, रीना यादव, विद्या देवी, सुमेर देवी, रेखा, पार्वती, उमा, भारती देवी, मिथिलेश्वर वर्मा, रामसवारी, आशा वर्मा, प्रेमकीर्ति तिवारी सदस्य बनाई गई।

# मणिपुर में आदिवासी महिला के दुर्व्यवहार के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री का पुतला दहन



**राहुल दास,ब्यूरो रिपोर्ट/पाकुड-** मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुए दुरव्यवहार के खिलाफ स्थानीय कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रीकुमार सरकार के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इस संबंध में जिला अध्यक्ष कुमार सरकार व प्रखंड अध्यक्ष मनसारुल हक ने कहा कि मणिपुर राज्य पिछले ढाई महीने से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है।इसके बावजूद हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।तथा अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पूर्णतया नाकाम रही भाजपा सरकार। मणिपुर में भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नंगा कर दुर्व्यवहार करने का शर्मनाक वीडियो प्रकाश में आया है। इस वीडियो के बाहर होने के बाद हमारे राष्टीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया और उसके बाद प्रधानमंत्री ने आज अपनी चुप्पी तोड़ी।आदिवासी महिलाओं के साथ हुई इस घटना से आज पूरा देश शर्मसार है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निर्देशानुसार कांग्रेस भवन, पाकुड़ के सामने इस घटना के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का पुतला दहन किया गया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मानसारूल हक, प्रदेश सचिव सेमिनूल इस्लाम, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष शाहीन परवेज, कोषाध्यक्ष असद हुसैन, मीडिया प्रभारी नलिन मिश्रा, बबलू भगत, राजीकुल आलम, पियारूल इस्लाम, रामविलास महतो, धनंजय रविदास आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# डीएसओ ने अवैध तरीके से कार्ड निर्गत कराकर चावल,गेहूँ उठाव करने वाले कार्डधारियों पर की कार्रवाई



**राहुल दास,ब्यूरो रिपोर्ट/पाकुड़-** जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार दास के द्वारा राशन कार्ड संख्या-202007390297, लाभुक-ललिता देवी,पति राजकुमार यादव, ग्राम-पलनियाँ, पंचायत- मंझलाडीह, थाना+ प्रखंड- हिरणपुर, जिला-पाकुड़ को नोटिस से सूचित किया गया है, कि राशन कार्ड संख्या-202007390297 आपके द्वारा दिनांक- 28.10.2017 को अवैध तरीके से कार्ड निर्गत कराकर चावल एवं गेहूँ का उठाव लगातार किया जा रहा है। इस कार्ड में कुल 05 सदस्य है।आपके पति राजकुमार यादव के नाम से कृषि उपकरण (ट्रेक्टर) होना पाया गया है।एवं चार कमरों का पक्का मकान होने के बावजूद आपके द्वारा खाद्यान्न को उठाव किया जा रहा है। राष्टीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत राशन कार्ड निर्गत हेतु निर्धारित मानक के अनुसार आप PHH राशन कार्ड के योग्य नहीं है। "झाखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली" (नियंत्रण) आदेश, 2022 के अध्याय-11 के क्रमांक-7 की कंडिका- (द्वद्व) का (ख) के अनुसार वर्ष 2017 से अबतक उठाव किये गये खाद्यान्न की मात्रा ई-पास मशीन में प्रदर्शित दर पर 12त्न ब्याज सहित वसूलनीय राशि है। अतः आदेश दिया जाता है कि उपरोक्त गणना के अनुसार कुल 70,903(सत्तर हजार नौ सौ तीन रुपए) जिला आपूर्ति कार्यालय पाकुड़ के नजारत में एक सप्ताह के अंदर जमा करना सुनिश्चित करें, अन्यथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मानसून का संदेश लेकर आते है,साइबेरियन पक्षी





**सौरभ भगत,सवांददाता/अमड़ापाडा,(पाकुड़)-** प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में मानसून का संदेश लेकर सात समुंद्र पार कर साइबेरियन पक्षी कई गांव में अपना डेरा डाल चुके हैं। साइबेरियन पक्षी की चहचहाहट से लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। पक्षी किसी सरहद के मोहताज नहीं होते, उन्हें तो सिर्फ और सिर्फ उड़ान भरनी होती है। यह आजाद पक्षी कहीं भी किसी भी मुल्क में किसी भी स्थान में अपना डेरा बना लेते हैं। विदेशी पक्षियों का सावन माह आते ही दूसरे देशों में आना प्रारंभ हो जाता है। यह पक्षी कहां से आते हैं और कहां चले जाते हैं यह भी किसी को नहीं पता,लेकिन लोगों का मानना है,कि मानसून शुरू होने से पंद्रह दिन पहले साइबेरियन पक्षियों का गांव-गांव में आकर पेड़ों में अपना डेरा बना लेते हैं। यह पक्षी हर साल सावन माह के प्रारंभ यानी जून के महीने में आते हैं।और पूरे चार महीने तक रहते हैं।लोगों ने बताया कि यह पक्षी मानसून का संदेश लेकर आते हैं। वहीं साइबेरियन पक्षियों की आगमन से गांव में रोनक आ जाती है।

# विकासखंड छपिया गोंडा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**गोंण्डा ब्यूरो चीफ आवेश अंसारी शुभ भास्कर** सहायक निदेशक सेवायोजन आशा वर्मा ने बताया है कि वर्तमान में निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 21 जुलाई 2023को प्रातः 10:30 बजे विकासखंड छपिया कार्यालय परिसर में खंड विकास अधिकारी के सहयोग से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कई कंपनियों को बुलाया गया हैउन्होंने बताया है कि हाईस्कूल ,इंटर ,स्नातक, परास्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थी अपनी योग्यता अनुसार सेवायोजन पोर्टल sevayojan.up. nic.in एवं NCS.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कराकर रोजगार मेले में दिनांक 21 जुलाई 2023 को अपने समस्त अंकपत्र प्रमाण पत्र आधार कार्ड की छाया प्रति सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

कहा — डीसी ने संसाधन केंद्र में टमाटर , मिर्ची व पपीता की नर्सरी का अवलोकन किया।

# उपायुक्त ने किया घाघरजानि स्थित आजीविका संसाधन केंद्र का अनुश्रवण





**हिरणपुर,(पाकुड़)-** गुरुवार को उपायुक्त वरुण रंजन ने घाघरजानि स्थित आजीविका संसाधन केंद्र का अनुश्रवण किया व उपस्थिति सखी मण्डल के दीदियों से रूबरू हुए। इस दौरान घाघरजानि सहित सुगाडीह , तारापुर , बड़तल्ला , डांगापाड़ा , गम्हरिया आदि जगहों के दीदी उपस्थित थे। डीसी ने संसाधन केंद्र में टमाटर , मिर्ची व पपीता की नर्सरी का अवलोकन किया। इसके बाद टपक सिचाई , लेमन ग्रास नर्सरी , सब्जी नर्सरी , औषधि वाटिका , दीदीवाड़ी, हार्डनिंग सेंटर आदि का अनुश्रवण किया व दीदियों से आवश्यक जानकारी लिया ।

डीसी ने दीदियों से सिलाई ,आंगनवाड़ी केंद्रों में अंडा आपूर्ति सहित अन्य स्वरोजगार को लेकर विस्तृत जानकारी लिया। पानी की समस्या को लेकर डीसी ने आश्वस्त किया कि जलजीवन मिशन के तहत एक वर्ष के अंदर पाइपलाइन के माध्यम से सभी घरो में पेयजलापूर्ति की जाएगी। वही सिचाई की सुविधा को लेकर कहा कि खदान में रहे पानी को सिचाई के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। इसको लेकर प्रयास किया जाएगा। सखी मण्डल की दीदियों की कार्यो की प्रशंसा करते हुए डीसी ने कहा कि सभी घरो में पानी पहुंचाने का कार्य की जाएगी।वही डीसी ने स्वास्थ्य केंद्र , ममता वाहन की सुविधाओं को लेकर भी दीदियों से जानकारी लिया। इस मौके पर डीपीएम प्रवीण मिश्रा , बीपीओ ट्विंकल चौधरी , बीपीएम उज्ज्वल रविदास , एफटीसी शंकर तिवारी , समन्वयक संजय पाल , मुखिया नायका सोरेन , अमीन मुर्मू आदि उपस्थित थे।

# ट्रेन की चपेट मे रेल ट्रैक पर काम कर रहे मजदूर की मौत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/ बीकापुर-अयोध्या।** अयोध्या प्रयागराज रेलखंड पर ट्रेन मालगाड़ी की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना बुधवार देर शाम की बताई जाती है। बताया गया कि रायथवा थाना खड़कपुर जनपद मुंगेर बिहार निवासी राजू यादव पुत्र प्रकाश यादव रेल ट्रैक पर ठेकेदार के माध्यम से विद्युत का केबल डालने के लिए मजदूरी का काम करता है। कुछ दिन पूर्व वह घर से गांव के कुछ लोगों के साथ अयोध्या काम करने आया था। बुधवार शाम को अन्य मजदूरों के साथ पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के भरतकुंड हाल्ट रेलवे स्टेशन के पास काम कर रहा था। इसी दौरान अयोध्या की तरफ से प्रयाग की तरफ जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया तथा पैर कट जाने से युवक राजू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में मौजूद अन्य मजदूरों द्वारा एंबुलेंस बुलाकर आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक एसके मौर्य ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि युवक की मौत अस्पताल लाने के पूर्व हो चुकी थी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ राजेश कुमार तिवारी अस्पताल पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी किया। कोतवाली पुलिस को बुलवाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। सीओ राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि घटनास्थल पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में पड़ता है। मृतक के परिजनों को सूचना भिजवाई गई है।

## ख़ास ख़बर

## रेलवे मजिस्ट्रेट ने जसीडीह एवं मधुपुर स्टेशन समेत कई एक्सप्रेस एवं सवारी ट्रेनों में चलाया विशेष जांच अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**रेलवे मजिस्ट्रेट मधुपुर जूलियन आनंद टोप्पो के नेतृत्व में गुरुवार को जसीडीह एवं मधुपुर स्टेशन समेत कई एक्सप्रेस अप एंड डाउन ट्रेन में विशेष जांच अभियान चलाया गया । यह अभियान आसनसोल झाझा सवारी, धनबाद पटना इंटरसिटी,टाटा दानापुर, समेत लोकल ट्रेन अप एंड डाउन पूर्वा एक्सप्रेस में विशेष जांच अभियान चलाया गया । उन्होंने स्टेशन परिसर में साफ-सफाई अभियान, महिला व दिव्यांग बोगी की जांच, रेलवे क्रॉसिंग की जांच की 7 रेलवे मजिस्ट्रेट ने कहा कि रेलवे संपत्ति को क्षति पहुंचाना सही नहीं है बिना टिकट रेल में सफर करना भी कानूनी अपराध है। रेलवे क्रॉसिंग करना, महिला व दिव्यांग बोगी एवं अयोग्य लोगों के सफर करना दंडनीय अपराध है। चेकिंग अभियान में कुल 50 रेल यात्रियों को पकड़कर 10400 राजस्व की वसूली की गई । विशेष चेकिंग अभियान में कोर्ट के, रेलवे कोर्ट कलर्क रमीज राजा, पेशकार प्रभास कुमार, नुनुलाल हेंब्रम समेत जीआरपी के जवान मौजूद थे ।

## डीआरएम आसनसोल ने आसनसोल-जसीडीह-सिमुलतला सेक्शन का किया निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/** मंडल रेल प्रबंधक आसनसोल, चेतना नंद सिंह ने जामताड़ा, विद्यासागर, जसीडीह, सिमुलतला स्टेशनों पर उपलब्ध सुरक्षा मदों, यात्री सुविधा मदों के कामकाज का निरीक्षण किया। इसी क्रम में उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों की प्रगति और इस सेक्शन में प्रत्येक स्टेशन से संबंधित स्थानीय मुद्दों की भी समीक्षा की। श्री सिंह ने आसनसोल-जसीडीह-आसनसोल सेक्शन का विंडो-ट्रेलिंग का भी निरीक्षण किया, जहां ट्रैक की स्थिति और रनिंग ओवर सेक्शन की जांच की गई।

## कई वर्षों से मृतकों का राशन हड़प कर रहे कोटेदार की शिकायत डीएम से

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या। रुदौली तहसील क्षेत्र के एक गांव में मृतकों का राशन कोटेदार हड़प कर रहा है।परिजनों को जानकारी होते ही अधिकारियों से शिकायत की है। मामला रूदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत टांडा खुलासा का है। ग्राम टांडा खुलासा निवासी मनमोहन पुत्र रामदेव ने कोटेदार के विरूद्ध जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि कोटेदार कोरोना काल से पहले से ही मृतकों का नाम फर्जी तरीके से गांव के दूसरे लोगों के राशन कार्ड में शामिल कराकर उनके हिस्से का राशन हड़प कर रहा है।राशन कार्ड संख्या 217741151990 जिसमें तीन मृतक हैं और तीनों अलग अलग जाति व अलग अलग परिवार के हैं।जबकि गांव के किसी भी परिवार की पुत्री का विवाह होने के तुरंतबाद से राशन देना बंद कर देता है और मृतकों का राशन कार्ड से नाम वर्षो तक न काटकर उसके हिस्से का राशन स्वयं हड़प करता रहता है।मनमोहन ने बताया कि गांव में मृतकों की संख्या 34 है विवाहितों की संख्या 32 है फर्जी नाम की संख्या 5 है।मनमोहन ने बताया कि कोटेदार विद्यावती पत्नी हरिशंकर गुप्ता द्वारा 2016 व 17 से मृतकों का राशन हड़पने की जानकारी हुई तब कोटेदार के विरुद्ध मृतकों का राशन हड़प करने की एसडीएम रुदौली व जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई है।

# निजी बैंक से अवैध ट्रांजैक्शन की तिलिस्म को भेदना जामताड़ा पुलिस के लिए बना अबूझ पहेली

**दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस इस गुत्थी को सुलझा नहीं पाई है।**



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/** शहर के एक निजी बैंक में करोड़ों रुपये का अवैध ट्रांजैक्शन के मामला अब तक किसी तिलिस्म से कम नहीं प्रतीत हो रहा है। इस तिलिस्म को भेदना जामताड़ा पुलिस के लिए अबूझ पहेली बनता जा रहा है। दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस इस गुत्थी को सुलझा नहीं पाई है। पुलिस अभी तक यह पता लगाने में सफल नहीं हो पायी है कि लगभाग 6 करोड़ का लेनदेन कहां से, किसके द्वारा किया जा रहा था और इसमें कौन- कौन शामिल है। विदित हो कि जामताड़ा सदर थाना क्षेत्र के एक निजी बैंक में 7 चालू खाता में अवैध रूप से लगभग करोड़ों रुपए के लेनदेन का खुलासा हुआ था। पुलिसिया जांच में दो सप्ताह बीत गये हैं लेकिन अभी तक इसमें सफलता नहीं मिल पायी है। पुलिस अभी तक यह पता लगाने में सफल नहीं हो पाई है कि इतने भारी रकम किसके द्वारा कहां से कैसे निकासी की गई। पैसा कहां से कौन भेज रहा था और निकासी कैसे की गई और इसमें कौन-कौन शामिल है। इसे पता करने में भी जामताड़ा पुलिस फिसड्डी साबित हुई है। विदित हो कि निजी बैंक में 7 चालू खाता खोला गया, इसमें एक होमगार्ड जवान और 6 साधारण ग्रामीण हैं। 25 हजार डिपोजिट करके खाता खोला गया। अब साधारण आदमी 25 हजार की रकम देकर चालू खाता कैसे खोलता है और उसके खाते में करोड़ों रुपए पैसे आते हैं और निकासी भी हो जाती है।

एक साधारण आदमी के चालू खाता में इतनी बड़ी रकम कैसे आती है, कैसे निकासी हो जाती है,यह एक सवाल पैदा करता है। जब मामले का भंडाफोड़ होने लगा तब पुलिस के सामने बात आई और मामला दर्ज हुआ है।

इस मामले में जरुर पुलिस को कुछ कामयाबी मिली। पुलिस के द्वारा मामले का उद्भेदन होते ही 2 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिसमें एक बैंक का सेल्स मैनेजर है तो एक खाता खुलवाने वाला दलाल बताया जाता है जबकि अन्य इसमें शामिल अभियुक्त अभी तक पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। पुलिस के अधिकारी दोनों से लगातार पूछताछ कर रहे हैं।

क्या कहते हैं पुलिस अधीक्षकः इस मामले को लेकर जब जामताड़ा जिला पुलिस कप्तान से संपर्क साधा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि इस मामले को लेकर फिलहाल अनुसंधान की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया इतनी बड़ी रकम हवाला की हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस मामले में बारीकी से अनुसंधान किया जा रहा है जो भी इसमें शामिल होंगे उस पर कार्रवाई की जाएगी। कब तक अनुसंधान पूरी कर ली जाएगी मामले की गुत्थी सुलझा लिया जाएगा, इस पर कोई समय सीमा पुलिस अधीक्षक द्वारा नहीं बताया गया।जामताड़ा में हवाला कांड की बू आ रही है। इस बात को जिला पुलिस कप्तान ने भी स्वीकार किया है। बताते चलें कि भले ही मामले में 2 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है लेकिन एक निजी बैंक से अवैध ट्रांजैक्शन की गुत्थी अब तक सुलझ नहीं पाई है।

## बीडीओ तथा सीओ ने की बीएलओ तथा सुपरवाइजर के साथ की बैठक




**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा)/** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु तथा बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर के साथ बैठक की।

इस दौरान खासकर मतदाता सूची के भौतिक सत्यापन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पदाधिकारियों ने 21 जुलाई से 21 अगस्त तक घर-घर सत्यापन करने का निर्देश दिया। वहीं छूटे हुए मतदाता व 18 प्लस के युवक-युवतियों का नाम मतदाता सूची में चढ़ाने। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिसका फोटो सही नहीं है वैसे मतदाता का सूची में नाम सत्यापन कर प्रविष्टि करवा लें। अंचलाधिकारी सुनीता किस्कु ने विभिन्न प्रपत्रों के बारे में भी जानकारी दी साथ ही खासकर नए नाम जोड़ने तथा वैसे मतदाता जिनका किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अशुद्धि है,उसे सुधारने को लेकर आवश्यक बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए ।

छूटे हुए मतदाता व 18 + के नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम प्रविष्टि कराने को लेकर प्रेरित करने की बात कहा ताकि आगामी निर्वाचन में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि 21 जुलाई से 21 अगस्त तक घर-घर सत्यापन का कार्य संपूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घर-घर सत्यापन कार्य पूर्ण होने के पश्चात प्रत्येक बीएलओ तथा सुपरवाइजर के द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र दिया जाएगा कि शत-प्रतिशत बीएलओ पंजी में सूचनाएं अंकित कर ली गई है।

इस क्रम में उन्होंने सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर को पारदर्शिता पूर्वक तथा समर्पित होकर निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने का निर्देश दिया ।

इस अवसर पर बैठक में सीआई श्यामसुंदर बेसरा, प्रधान सहायक अजय कुमार दास ,प्रभारी कृषि पदाधिकारी निमाई देवांशी, सुपरवाइजर रविंद्र नाथ सिंह, मुनु मुर्मू, मुंशी रजक, मंगल मय मंडल,संजय कुमार, कमल चंद्र महतो ,बलराम मंडल, सुबल कुमार शर्मा, अनुज कुमार साह,निर्वाचन कार्यालय के उमाशंकर,शिवली हालदार, सुरजमुनी पावरिया,शांता दास,चंपा रानी घोष, शेफाली मंडल ,संध्या महतो ,फुलटूसी बाउरी, सुशीला हेम्ब्रम, बनलता घोष, उर्मिला हेम्ब्रम, जलोनी हेम्ब्रम, अष्टमी टुडू, मालतिका टुडू, चायना बाउरी,दुलीना सोरेन, कल्पना घोष, मीरा मंडल आदि मौजूद थे।

## जामताड़ा के रानीडीह और गाढापाथर गांव में मिले चिकने पोक्स से पीड़ित मरीज, स्वास्थ्य विभाग एक्शन मोड़ में



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**जामताड़ा सदर प्रखंड अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीडीह, तरणी के गाढ़ापाथर गांव से 6 लोगों का रक्त नमूनों का संग्रह किया गया। सभी लोग चिकन पॉक्स से पिड़ित थे।

इन सभी के बीमारियों का पता लगाने के लिए रक्त नमूना संग्रह कर जांच के लिए रिम्स रांची भेजा गया। सभी पीड़ितों को उनके घर पर ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। वहीं इससे बचाव संबंधित जानकारियां दी गई। जिससे इसका प्रसार रोका जा सके। जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ अजीत कुमार दुबे ने बताया कि तरणी के गाढ़ापाथर गांव में संभावित 6 लोगों को चिकन पॉक्स से ग्रसित मरीजों का नमूना संग्रह कर रांची भेजा गया है। जांच रिपोर्ट नहीं आने तक इसके संभावित मरीजों को उपचार स्वास्थ्य कर्मियों के देखरेख में नियमित रूप से चलता रहेगा। कहा चिकनपॉक्स प्रभावित गांव का प्रतिदिन एएनएम संक्रमित के घरों व आसपास के घरों का भी भ्रमण करेगी। संभावित संक्रमित व उसके परिवार वालों के दैनिक गतिविधियों का अवलोकन कर उन्हें संक्रमित से अगल रहने को प्रेरित किया जायेगा।कहा भ्रमण के दौरान यह भी देखा जाएगा कि कोई नए मरीज तो वहां नहीं मिल रहा है। ऐसा होने पर तुरंत इसकी सूचना देने को कहा गया है। मौके पर सीएचओ दीप्ति एक्का, लैब टेक्नीशियन सुदर्शन कुमार थे।

## एसडीपीओ ने अनुमंडल के सभी थाना प्रभारियों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में अपराध नियंत्रण को लेकर की समीक्षा बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/** मधुपुर एसडीपीओ विनोद रवानी ने गुरुवार को कार्यालय कक्ष में अपराध नियंत्रण को लेकर अपराध समीक्षा बैठक की । मौके पर उन्होंने मधुपुर, करौ, पाथरोल, बुढ़ई व महिला थाना में दर्ज विभिन्न मामलों का अवलोकन किया।उन्होंने मुहर्रम पर्व को लेकर क्षेत्र में पहली नजर रखने को सख्त निर्देश दिया। हाल में हुए कई घटनाओं को लेकर उन्होंने थाना प्रभारी को कांड के फरार आरोपितों को गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।अवैध शराब बंदी, नियमित वाहन जांच, गस्ती ससमय निकालने, लंबित वारंट कुर्की को का तामिला करने के साथ-साथ सभी पेट्रोल पंप, एटीएम, बैंक की नियमित जांच करने का निर्देश दिया। मौके पर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थान क्षेत्रो में अपराध पर अंकुश लगाने सड़क हादसा पर रोक लगाने को लेकर चर्चा की गई ।मौके पर एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियो को लंबित पड़े कांडो को जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। मौके पर मधुपुर इंस्पेक्टर इंचार्ज रामदयाल मुंडा सर्किल इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह, पथरौल थाना प्रभारी मनीष कुमार, मार्गोमुंडा थाना प्रभारी पांडू समद, बुढई थाना प्रभारी हीरालाल तुबीद करों थाना प्रभारी यशवंत सिंह मधुपुर महिला थाना प्रभारी रेनू कुमारी आदि मौजूद थे ।

## देवघर जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में लीग का पांचवा मैच का उद्धाटन समाजसेवी पप्पू यादव के द्वारा किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/ मधुपुर/देवघर/**मधुपुर देवघर जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित लीग मैच का आज पांचवा दिन । गुरूवार को पहला मैच मधुपुर एफ सी वनाम रघुनाथपूर के बीच खेला गया जिसमें रघुनाथपूर दो गोल से विजय हासिल किया। वही आज का दुसरा मैच वाइ- एस -सी चाँदमारी वनाम पंदनिया एफ सी के बीच खेला गया जिसमें- पंदनिया दो गोल से विजयी रहा ।निर्णायक की भूमिका में आज अनिल मुर्मू अनिल सोरेन तथा कुन्दन राऊत थे।आज के दुसरे मैच का उद्धाटन पप्पू यादव समाज सेवी के द्वारा किया गया ।प्रतिदिन दो मैच का आयोजन किया जा रहा है ।दिनांक 23 जुलाई को फ़ाइनल होना है।जिले के चार महिला टीम के खिलाड़ीयो तथा आठ पुरूष टीम के खिलाड़ीयो को लीग मे भागीदारी का प्रमाण पत्र दिया जायगा ।लीग चैम्पियन तथा दुसरे स्थान पर रहने वाले महिला तथा पुरूष टीम दोनो को संघ की ओर से ट्राफी दिया जायगा ।व्यक्तिगत पुरस्कार भी सभी खिलाड़ियों को दिया जायगा ।लीग मैच का सफल आयोजन के लिए जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष विद्रोह कुमार मित्रा के साथ उपाध्याय रामचन्द्र झा, उमेश प्रसाद राय, आलोक बोस सचिव विष्णु टुडू, कोषाध्यक्ष राजेश सोरेन, मो शकिल के साथ संघ के अन्य सदस्य भी लगे हुए हैं ।

## जबतक भाजपा सरकार को देश से हटाया नही जाता,महिलाओं के साथ आपत्तिजनक घटना के दोहराव से इंकार नहीं- हरिमोहन मिश्रा



**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** मणिपुर में पिछले कई महीनों से रुक रुककर हिंसा लगातार हो रही है। इसी बीच कुकी समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र सड़क पर घुमाने का वीडियो सामने आने के बाद माहौल फिर से बिगड़ गया है। इसे लेकर जामताड़ा में कांग्रेस के द्वारा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का पुतला दहन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने कहा की मणिपुर की इस घटना से देश के लोगों में भारी गुस्सा है। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने केंद्र और राज्य सरकार, राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग इस मामले का संज्ञान लेकर और दोषियों को कानून के सामने लाने की मांग करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जबतक भाजपा सरकार को देश से हटाया नही गया इस तरह की घटना महिलाओं के साथ कहीं भी घट सकती है।

**बैठक** प्रखंड कमेटियों के साथ जन वितरण दुकानदारों की बैठक हुई थी।

## गोदाम में अनाधिकृत रूप से कार्यरत कर्मी सुभाष पंडित दुकानदारों को देते हैं धमकी- जिला अध्यक्ष मोहन प्रसाद भैया



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ कुण्डहित/ जामताड़ा/** जिला फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन जिला शाखा द्वारा प्रखंड दौरे के क्रम में फतेहपुर प्रखंड सभागार में प्रखंड कमेटियों के साथ जन वितरण दुकानदारों की बैठक हुई थी।

ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन राज्य स्तरीय निर्णय के आलोक में एक अगस्त से ई पोस मशीन बंद(हड़ताल) एवं मानसून सत्र में विधानसभा घेराव के लिए सर्वसम्मति से जोरदार ढंग से आगामी कार्यक्रम को सफल करने के लिए निर्णय लिया गया है। बैठक में इसके अलावा अन्य कई मुद्दा प्रखंड स्तर पर दुकानदारों ने अपनी समस्याओं को जिला अध्यक्ष मोहन प्रसाद भैया,मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देव कुमार साहू ,प्रदेश कार्यकारी समिति नरेश कुमार जैन के समक्ष विस्तार पूर्वक रखा । राज्य खाद्य निगम फतेहपुर गोदाम कर्मी एवं डीएसडी कर्मी द्वारा महिला एस एच सी तथा कमजोर जनवितरण दुकानदारों को मनमानी तरीके से कम अनाज तोल कर देने एवं प्रत्येक बोरे का वजन के नाम पर कटौती करने, रास्ते में डीएसडी लेबर तथा ड्राइवर द्वारा खदान की चोरी करने की शिकायत की गई।

गोदाम में कार्यरत कर्मी जो सरकारी नहीं है सुभाष पंडित नामक व्यक्ति जो अनाधिकृत रूप से बिजोलिया का कार्य करता है के द्वारा दुकानदारों को धमकी भी दिया जाता है ।इस संबंध में जिला अध्यक्ष मोहन प्रसाद भैया ने सभी के शिकायतों को सुना तथा प्रखंड कमेटियों तथा डीलरों को आश्वासन दिया की पूरे जिले में राज्य खाद्य निगम गोडाउन मे अनाधिकृत रूप से कार्यरत कर्मी की चिन्हित की जाएगी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित दी जाएगी।

## ग्रामीण क्षेत्र में सीएससी की बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए करमाटाड़ के सीएससी संचालक राष्ट्रीय महासंगोष्ठी में होंगे शामिल




**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**21 जुलाई को दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम एवम सीएससी के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय महासंगोष्ठी में भाग लेने के लिए जामताड़ा जिले के मोहनपुर पंचायत के लैंप्स सह सीएससी संचालक उमेश महतो का चयन हुआ है।

विदित हो कि विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित इस महासंगोष्ठी का उद्धाटन केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम में सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा, सचिव सहकारिता मंत्रालय ज्ञानेश कुमार, सचिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवम सूचना प्रोद्योगिकी विभाग अलकेश कुमार और सीएससी एसपीवी के प्रबंध निदेशक संजय राकेश उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में लैंप्स पैक्स की ओर से सीएससी की सेवाएं प्रदान किए जाने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जायेगी। उल्लेखनीय है कि लैंप्स के जरिए सीएससी सेवाओं को डिलीवरी इनके मजबूतीकरण की दिशा में नया कदम है। सीएससी जिला प्रबंधक सलिल कुमार ने बताया कि लैंप्स पैक्स सहकारिता की रीढ़ है और इनके जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में सीएससी सेवाओं की डिलीवरी से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

अब तक जिले में 56 लैंप्स को सीएससी आईडी देकर उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जल्द ही जिले के सभी सक्रिय लैंप्स सीएससी सेंटर के रूप में कार्य कर लोगों को सेवा प्रदान करते हुए अपनी रोजगार भी बढ़ाएंगे। करमाटांड़ प्रखंड के निज कजरा के सीएससी संचालक को ग्रामीण क्षेत्र में सीएससी की बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए इस महासंगोष्ठी में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। जो जामताड़ा जिले के लिए उपलब्धि है। इससे जिले के अन्य सभी लैंप्स भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। 21 जुलाई को सभी सीएससी केंद्रों पर उक्त प्रसारण का सीधा प्रसारण ग्रामीणों को दिखाने का निर्देश भी दिया गया है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

# ख़ास ख़बर

## हथियार के बल पर अपराधियों ने बाइक सवार फाइनेंस कर्मी से की करीब 60 हजार की लूट,जांच में जुटी पुलिस



**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा, सुपौल/**जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में अपराधी बेलगाम हो गया है, लगातार घट रही अपराधिक घटनाओं से लोग डरे और सहमे हुए हैं। राहगीरों को रात तो रात दिन में भी सड़क पर चलना मुस्किल हो गया है। चोरी और लूट की लगातार घटनाओं से लोग दहशत में है।इसी कड़ी में बुधवार की देर शाम अपराधियों ने पिपरा किशनपुर मार्ग में बेरिया पलार के पास बाइक सवार फाइनेंस कर्मी से हथियार सटा कर करीब 60 हजार रुपए लूट लिए हैं। घटना में अपराधियों ने बाइक सवार फाइनेंस कर्मी के साथ मारपीट भी किया है।जिसके बाद पीड़ित फाइनेंस कर्मी पिपरा थाना पहुंच पुलिस से घटना की शिकायत की है।बताया जा रहा है कि पीड़ित ह्रदय कुमार महतो पूर्णिया जिले अंतर्गत रिकापट्टी थाना क्षेत्र के रहने वाले है। वो भारत फाइनेंस कंपनी में जॉब करता है। ह्रदय कुमार बुधवार की देर शाम बेलोखारा से रुपए वसूल कर वापस लौट रहे थे,तभी बेरिया पलार के समीप अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने ओवर टेक कर गाड़ी को रोक दिया। युवक को बंदूक सटा कर बैग में रखे करीब 60 हजार रूपए और एक मोबाइल छीन कर फरार हो गया। लूट के दौरान बदमाशों ने रड से मारकर उसे घायल भी कर दिया। जिसके बाद युवक ने इसकी सूचना 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस उनसे घटना की जनकारी लेकर जांच में जुट गई ।मामले के संबंध में थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन मिला है और केस दर्ज कर लिया गया पुलिस छानबीन में जुट गई है।

## घर जाते समय एक स्कूली छात्र हुआ सर्प दंस का शिकार



**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली ,सुपौल/**जिले में निर्मली अनुमंडल क्षेत्र के कदमाहा गांव में घर जाने के दौरान रास्ते में एक स्कूली छात्र सर्प दंश का शिकार हो गया.जिसके बाद आनन फानन में छात्र को परिजनों के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली में भर्ती कराया गया. जहा उपस्थित डॉक्टर के द्वारा छात्र का इलाज किया गया. छात्र के साथ आए परिजन ने बताया कि कदमाहा गांव निवासी देव कुमार दास के 13 वर्षीय रघुनंदन कुमार गांव में स्थित स्कूल से पढ़कर छात्र अपने घर जा रहा था इसी बीच रास्ते में सर्प के ऊपर छात्र का पैर चला गया और छात्र के पैर में सर्प काट लिया. जिसके बाद आनन फानन में परिजनों के द्वारा छात्र को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया.

## पुलिस द्वारा लावारिस हालत में फेंके एक बोरे से 2 लीटर 700 ग्राम देसी व बिदेसी शराब किया बरामद




**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर ,सुपौल/**जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के सुखासन पंचायत से पुलिस ने बुधवार की रात सड़क किनारे लावारिस हालत में फेंके एक बोरे से 2 लीटर 700 ग्राम देसी व विदेशी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि गुप्त सूचना मिला के सुखासन पंचायत के वार्ड 5 में शराब की खेप आने वाली है। वहीं गश्ती दल को सुखासन भेजा गया तो सुखासन गांव के चांदनी चौक के समीप सड़क किनारे लावारिस हालत में एक प्लास्टिक का बोड़ा फेका हुआ था। जहां उस प्लास्टिक की बोड़ा की तलाशी ली तो चार बोतल देसी शराब और 4 विदेशी शराब की बोतल बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने कहां की शराब मामले में सुखासन पंचायत के वार्ड 5 निवासी विरेंद्र यादव के उपर केस दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है ।

# मृतकों के परिजनों से मिले पूर्व आईआरएस अधिकारी व आरएलजेडी के राष्ट्रीय महासचिव बैद्यनाथ मेहता





**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर निर्मली सुपौल/**जिले में निर्मली प्रखंड के पूर्व आईआरएस अधिकारी व राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव बैद्यनाथ मेहता ने सुपौल दौरे के क्रम में मरौना थाना क्षेत्र के सिरखरिया गांव निवासी अरविंद यादव व राजलाल यादव सहित उनके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बढ़ाते हुए तत्काल आर्थिक सहायता दी। तत्काल आर्थिक सहायता मिलते ही मृतकों के परिजन बच्चों की मौत के कारण रो पड़े। लिहाजा पूर्व आईआरएस अधिकारी ने परिजनों को साहस देते हुए कई आश्वासन भी दिए। बता दें कि गत शनिवार की शाम सिरखरिया गांव में चापि में डूबने से एक साथ 3 बच्चियों की मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान कमरैल पंचायत के वार्ड 7 स्थित सिरखरिया गांव निवासी अरविंद यादव की 12 वर्षीय पुत्री ललिता कुमारी, राज लाल यादव की 10 वर्षीय पुत्री मंजुसा कुमारी व 8 वर्षीय अंजनी कुमारी के रूप में हुई थी। घटना को लेकर सिरखरिया गांव में कोहराम मच गया था। सूचना पर मरौना के प्रभारी सीओ किसलय कुमार के साथ थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार व थाना की पुलिस और गोताखोरों की टीम भी पहुंची थी। जिसके बाद तीनों बच्चियों के शव को बाहर निकाला गया था।

लेकिन पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंपे जाने के बाद अबतक पीड़ित परिवारों को सरकार के द्वारा आपदा के तहत 4-4 लाख रुपये नहीं मिल पाई है। इधर, मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचे पूर्व आईआरएस अधिकारी सह राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव श्री मेहता ने इस हादसे को लेकर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस मामले में वे सुपौल डीएम व अन्य अधिकारियों से बातचीत करेंगे। जल्द ही शोकाकुल परिवारों को सरकारी स्तर से 4-4 लाख रुपए की अनुग्रह राशि भी मुहैया कराई जाएगी। मौके पर पूर्व आईआरएस अधिकारी के साथ काफी संख्या में कार्यकर्ता व अन्य मौजूद थे।

# करजाईन-गोसपुर रोड का मेनटेनेंस के नाम पर लूट, ग्रामीण कार्य विभाग व संवेदक की मिली भगत का लोगों ने लगाया आरोप





**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर ,राघोपुर ,सुपौल/**जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन चौक से होते हुए गोसपुर -सितुहर को जाने वाली सड़क के मेनटेनेंस के नाम पर विभाग व संवेदक के द्वारा लूट मची हुई है। इस बारे में स्थानीय ग्रामीण राजेन्द्र प्रसाद स्वर्णकार ने बताया कि यह सड़क ग्रामीण कार्य विभाग के देख- रेख में आती है जो विगत कई वर्षो के इस सड़क का हाल काफी खराब हो चुकी है। बारिश के आते ही विभाग पिछले दो वर्षों से मेनटेनेंस के नाम पर खाना पूर्ति कर के चली जाती है। पूछने पर विभाग द्वारा बताए जाता है कि सड़क में अभी मेनटेनेंस का कार्य चल रहा है। कार्य ऐसा है कि जब मन हुआ तब कहीं - कहीं एक आध टेलर मेटेरियल गिरा कर मेनटेनेंस कार्य के नाम पर धांधली होती नजर आ रही है। निर्माण से लेकर कभी आज तक इस पथ पर ठीक ढंग से कार्य नहीं किया गया है। जिसके चलते इस पथ की यह दुरदसा बनी हुई है।

बारिश के होते ही यह सड़क झील में तब्दील हो जाती है। वहीं इस बारे में समाजसेवी अब्बू नसर ने बताया कि कुछ दिन पहले की ही बात है ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारियों के देख रेख में इस पर की रिपेयरिंग का कार्य प्रारंभ हुआ ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ, इजक्युटीव ने बताया कि इस पथ को रिपेयर कर व गड्ढे की ढलाई करवा कर इस पथ को चलने लायक बना दिया जाएगा। मगर मेनटेनेंस के नाम पर कहीं कहीं थोड़ा थोड़ा मेटेरियल गिरा कर कार्य बंद कर दिया गया। जिससे इस पथ पर अभी भी बड़े गड्ढे देखने को मिल रहे हैं। इस कार्य में मेंटेनेंस के नाम पर लूट मची हुई है। जिसे देखने सुनने वाला कोई नहीं है। पिछले वर्ष भी अधिकारियों द्वारा गड्ढे की ढलाई करवाने की बात हक कर मेनटेनेंस के नाम पर गड्ढे में चिकनी मिट्टी डाल कर इस पथ को और भी ज्यादा नर्क बना दिया गया था। जिसकी शिकायत जिला प्रशासन व क्षेत्रीय विधायक से की गई थी। मगर शिकायत के बाद भी यह सड़क उसी अवस्था में है। साथ ही आज तक उन अधिकारियों पर कोई भी कार्य वाही नहीं की गई है। करजाईन -गोसपुर पथ की इस नारकीय व्यवस्था पर विभाग जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट करवते हुई अविलंब इस पथ की रिपेयरिंग का कार्य पूर्ण करवाने व विभागीय अधिकारियों पर मेनटेनेंस के नाम पर मची लूट खसोट में संबंधित अधिकारियों के द्वारा कार्य की जांच करवाने की लोगों ने मांग की है। वहीं इस बारे में ग्रामीण कार्य विभाग के इजक्युटीव कुलानंद यादव ने बताया जल्द ही करजाईन-गोसपुर रोड कार्य में गड्ढे की भराई व ढलाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# प्रखंड में नौ सूत्री मांगों को ले आशा कार्यकर्ताओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल रहा सातवे दिन भी जारी

**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत आशा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के द्वारा अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर पूर्व प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल के सातवे दिन बुधवार को बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ और बिहार राज्य आशा-आशा फैसिलिटेटर संघ के बैनर तले छातापुर पीएचसी के सामने प्रदर्शन किया। पीएचसी के मुख्य द्वार पर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। वहीं आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक उन लोगों की मांगें पूरी नहीं हो




जाती, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। इस मौके पर आशा कार्यकर्ता एवं आशा फेसिलिटेटरों ने कहा की हमारी नौ सूत्री मांग है।

जिसमें आशा कार्यकर्ताओं को पुरस्कार नहीं बल्कि राज्यकर्मी का दर्जा मिले। पारितोषिक शब्द को बदलकर नियमित मासिक मानदेय करने तथा एक हजार की जगह 18 हजार रुपया देने, इइसके साथ ही सभी आशा और फैसिलिटेटरों को 10 हजार मासिक वेतन, कोरोना महामारी में मृत आशा कार्यकर्ताओं के परिजनों को 4 लाख रुपये का मुआवजा, सभी आशा फैसिलिटेटरों को पेंशन योजना बहाल की जाये एवं सभी को 10 हज़ार रुपये कोरोना भत्ता दिया जाए। क्योंकि आशा कार्यकर्ता कोरोना महामारी के दौरान भी ड्यूटी कर रही हैं।

कहा की सभी आशा को आधा-अधूरा नहीं, बल्कि फुल ड्रेस उपलब्ध कराना होगा, साथ ही सभी आशा फैसिलिटेटर कर्मियों को मासिक वेतन भुगतान प्रोत्साहन राशि की मांग पर सरकार को अविलंब पहल करनी चाहिए।

# नेपाल क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से विपुल नदी में आया उफान आमजन से लेकर खेत में लगे फसल हुआ बर्बाद





**ललन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर मरौना सुपौल/**जिले के मरौना प्रखंड अंतर्गत नेपाल क्षेत्र के तराई में विगत कई दिनों से हो रहे मूसलाधार वर्षा से मरौना प्रखंड के बिहूल नदी में एक बार फिर भारी उफान आ गया है । जिससे हर जगह जल मंगन हो गया है । ईटहरी, ललमिनिया, नरही, बेलही, महेशपुर, गम्हरिया, मौआही, लालपुर समेत दर्जनों गाँव बाढ के चपेट में आ गया है और दर्जनों घर में पानी घुस गया है । बिहूल नदी में बाढ आ जाने से खेत में लगे धान का फसल व बिचड़ा पूर्णतः डूब गया है। वही बेलही से सरोजाबेला गाँव तक जाने वाली गम्हरिया गाँव के समीप मुख्य सड़क पर एक फीट पानी बहने लगा है । इधर बेलही गाँव के वार्ड तीन तथा ललमिनिया, नरही गाँव के दर्जनों घरो में पानी घुस गया है । बिहूल नदी में लगातार पानी बढ़ने से उक्त सभी गाँव के लोग चिंतित दिखाई दे रहे हैं । नरही गाँव निवासी डोमी साह, रामेश्वर साह,नागेश्वर साह, देबू साह, यगेंद्र शर्मा, तो वही बेलही, गम्हरिया और मौआ ही गाँव निवासी महेंद्र साह, संजीव साह, शिव कुमार मंडल, सिहेश्वर साह, राम बहादुर मंडल, बिष्णु नारायण मंडल, दारिका प्रसाद साह, धर्म नाथ साह, परमेश्वर मंडल, राम बाबू मंडल, संजय कुमार धीरज, उमेश कुमार यादव, विजय कुमार यादव, ओपी यादव, देव नारायण यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव समेत सैकड़ो किसान ने बताया की क्षेत्र में विगत कई दिनों से वारिस नही होने से ऊंचे जमीन में सुखार जैसी स्थिति उतपन्न हो गई है तो वही दूसरी ओर नेपाल क्षेत्र के तराई में हो रही लगातार मूसलाधार वर्षा से बिहूल नदी में एक बार फिर भारी मात्र में पानी आ जाने से बाढ़ कि स्थिति उतपन्न हो गई है और खेत में लगाये गये धान के फसल पूर्णतः डूब गया है । यदि इस तरह से लगातार बाढ़ आती रहेगी तो डूबे हुए धान व बिचड़ा नष्ट हो जायगा और सैकड़ो घर ध्वस्त हो जायगा। ललमिनिया, नरही गाँव के ग्रामीण बताया की अभी स्थिति ये हैं की मवेश के लिए चारा तक नही मिल रहा है क्योकि हर जगह पानी ही पानी भरा हुआ है ।

# भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने भूमिहीन समेत मजदूर किसान के ज्वलंत समस्याओं को ले किया प्रदर्शन





**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिलें में छातापुर प्रखंड अंतर्गत भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने भूमिहीन समेत मजदूर किसान के ज्वलंत समस्याओं को ले छातापुर प्रखंड मुख्यालय में रोष पूर्णप्रदर्शन किया। वही सीओ कार्यालय के समक्ष धरना देकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी अंचल कमेटी छातापुर की इस विशाल प्रदर्शन छातापुर मुख्यालय के दुर्गा मंदिर से शुरू होकर प्रखंड कार्यालय तक पहुंची। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता व महिला पुरुष मजदूर किसान अपनी मांगों को लेकर एकस्वर में मांगों की पूर्ति हेतु नारे लगा रहे थे। जबकि अंचल कार्यालय छातापुर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने अंचल कार्यालय के समक्ष धरना भी दिया। जिस धरना में बड़ी संख्या में किसान मजदूर भूमिहीन परिवार भाग लेकर विभिन्न मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद किया। प्रदर्शन व धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के राजनेता कॉमरेड विनोद कुमार, जिला मंत्री भोला जी, किसान नेता राजेश कुमार, महिला नेत्री अधिवक्ता नीतू कुमारी, सरवन यादव, रामदेव यादव, राजकुमार, कॉमरेड सदानंद राम आदि नेताओं ने 9 सूत्री मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ गर्मजोशी से अपने अधिकारियों की मांग की। मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता थे।

**धरना प्रदर्शन** एक हजार में दम नहीं,इक्कीस हजार से कम नहीं- आशा संयुक्त संघर्ष मंच

# आशा कार्यकर्ता और फैसिलिटेटर को सरकारी सेवक घोषित करो-उषा सिंहा



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/**जिले में आशा संयुक्त संघर्ष मंच के राष्ट्रीय आह्वान पर आज देश के सभी मुख्यालय पर आशा कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत कॉमरेड उषा सिंहा, कल्पना देवी,सुजाता देवी और ऐक्टू के जिला सचिव कॉमरेड अरविंद कुमार शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में प्रदर्शन सुपौल सदर अस्पताल से निकलकर शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए डिग्री कालेज चौक पर पहुंचकर धरना सभा में तब्दील हो गया जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड उषा सिंहा ने की।धरना सभा को संबोधित करते हुए कॉमरेड उषा सिंहा ने कहा कि आशा कार्यकर्ता से सरकार 40 प्रकार का कार्य करवाती है।लेकिन जब मानदेय या वेतन की बात आती है तो हाथ खरा कर एक हजार रुपया मासिक मानदेय देने की बात करती है जो न्यूनतम मजदूरी से काफी कम है यानी सरकार हमको बंधुआ मजदूर समझती है इस लिए हमलोंगो का मांग है एक हजार में दम नहीं इक्कीस हजार से कम नही।धरना सभा को संबोधित करते हुए ऐक्टू के जिला सचिव कॉमरेड अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि नीतीश मोदी की सरकार आशा बहनो को बंधुआ मजदूर से भी बदतर समझती है।आशा को न न्यूनतम वेतन न कोई सामाजिक सुरक्षा न कोई पोशाक राशि न कोई बैठने का कार्यालय है लेकिन काम चालीस प्रकार का लेती है ये हमारे श्रम का शोषण नहीं तो और क्या है।इसके खिलाफ हमारा हड़ताल जारी है जब तक सरकार हमारे नौ सूत्री माँगों को नहीं मानेगी तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।धरना सभा को त्रिवेणीगंज की आशा नेत्री महा लक्ष्मी कुमारी,नीलम कुमारी,पिंकी कुमारी,प्रतापगंज के आशा नेत्री प्रेमलता कुमारी, मुन्नी कुमारी, छातापुर की आशा नेत्री पप्पी कुमारी,झबिया खातून,विणा बसेदार, अनिता देवी।1किसनपुर प्रखंड की आशा नेत्री कल्पना झा,पिंकी देवी, सरायगढ़ प्रखंड की आशा नेत्री किरण कुमारी,मिना देवी,पिपरा प्रखंड की आशा नेत्री सुनीता देवी, विमला देवी,सुशीला देवी,निर्मला देवी।सुपौल प्रखंड की आशा नेत्री बिजली देवी,सुनैना कुमारी,कोमल भारती, नूतन झा मरौना प्रखंड की आशा नेत्री शैलू निशा आदि दर्जनों नेत्री ने संबोधित किया।

# नदी थाना परिसर में वर्तमान थाना अध्यक्ष के तबादला व नए थानाध्यक्ष के पदभार ग्रहण में स्वागत समारोह का हुआ आयोजन





**ललन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, मरौना, सुपौल/**जिले के मरौना प्रखंड अंतर्गत नदी थाना परिसर में गुरुवार को वर्तमान थानाध्यक्ष के तवादला व नए थानाध्यक्ष के पदभार ग्रहण को लेकर विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में निवर्तमान थानाध्यक्ष राजीव कुमार को जनप्रतिनिधियों के द्वारा पाग,माला,चादर डायरी,पेन,बुके दे कर विदाई की गई। लोगों की अपने प्रति सम्मान व अनुराग देखकर मौके पर श्री राजीव कुमार अपनी भावना को छुपा नही पाए और भावुक हो गए और कहा कि जहां भी रहेंगे यहां के लोगो का प्यार व सम्मान याद रहेगा। जनप्रतिनिधियों ने कहा थानाध्यक्ष राजीव कुमार का लगभग 11 महीने का कार्यकाल का सराहनीय करते हुए कहा कि एक अच्छे इंसान व कुशल अधिकारी थे। इनके कार्यकाल में जो जनप्रतिनिधियों सम्मान मिला वह इसे पूर्व किसी भी थानाध्यक्ष के द्वारा नही दिया गया जो सराहनीय रहा है। पंचायत में अगर कोई बाद विबाद होता था तो पहले उसे आपसी समझौते के तहत सुलझाना चाहते थे। श्री कुमार हमेशा गलत के खिलाफ थे। इनके कार्यकाल में शराब माफिया,क्रिमनल ,चोर उच्चके ,चौक चौराहे पर नजर नही आते थे । इनके कार्यशैली के नाम से कांपते थे।

## ख़ास ख़बर

### सिकंदरपुर तहसील में ग्रामीण न्यायालय का हुआ उद्धाटन



**सिकंदरपुर,बलिया।** स्थानीय तहसील प्रांगण में प्रथम तल पर गुरुवार को ग्राम न्यायालय का उद्धाटन अपर जिला जज प्रथम हुसैन अहमद अंसारी के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम न्यायालय की स्थापना हो जाने से यहां के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी वही मुकदमों का तेजी से निस्तारण हो सकेगा। इस दौरान मुंसिफ मजिस्ट्रेट के रूप में चंदन सिंह ने अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया।ग्राम न्यायालय में मुंसिफ मजिस्ट्रेट सहित फिलहाल एक दर्जन कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। ग्राम न्यायालय का उद्धाटन होने से वादकारियों सहित अधिवक्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इस दौरान उपजिलाधिकारी रवि कुमार पासवान, क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा, नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश यादव, थानाध्यक्ष दिनेश पाठक, चौकी प्रभारी रविंद्र पटेल, धनंजय तिवारी,अवनी कुमार पांडे, लखीराम यादव, ज्ञान प्रकाश तिवारी, विजय शर्मा, मणि शंकर श्रीवास्तव, प्रेम नारायण सिंह, उदय नारायण सिंह, इरफान अंसारी, सुधीर श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

### दरभंगा के पंडासराय स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक के ब्रांच में मनाया गया बैंक का 116 वां स्थापना दिवस



**दरभंगा** लहेरियासराय बैंक ऑफ बड़ौदा को 116 साल हो गए इस उपलक्ष्य में बैंक ऑफ बड़ौदा के दरभंगा स्थित पंडासराय ब्रांच में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सह क्षेत्रीय प्रमुख राजीव कुमार चौधरी ने सभी कर्मचारियों के साथ केक काटकर दिन की शुरुआत की और ब्रांच में आने वाले सभी ग्राहक एवं अतिथि का मिठाई एवं केक खिलाकर स्वागत किया। वही वरिष्ठ शाखा प्रबंधक सुधांशु कुमार पुष्कर ने पंचोभ स्थित मध्य स्कूल में बच्चों के बीच बैग और पेंसिल बॉक्स वितरण करके समारोह को आगे बढ़ाया। सुधांशु कुमार पुष्कर ने बताया की इस वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बैंक महिला सम्मान बचत सर्टिफिकेट की शुरुआत कर रहा है जिसमें घरेलू महिलाएं जिनकी आय एवं बचत बहुत कम होती है, वह भी 1000 से इसकी शुरुआत कर सकती हैं,तथा अपने और अपने परिवार के लिए कुछ धन जमा कर सकती हैं। इस बचत प्लान की अवधि 2 साल है और इस पर मिलने वाले ब्याज 7.5% है। शाखा प्रबंधक का कहना है कि यह घरेलू महिलाओं के लिए बहुत अच्छा बचत प्लान है। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट ग्राहक सहित राजू झा, प्रणव प्रसून, आशीष साहू, पायल कुमारी, प्रदीप झा, मनोज कुमार, प्रदीप ठाकुर एवं अन्य सभी बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

### पेंशन लाभुकों की आधार जोड़े- मनोज कुमार



**हिरणपुर,(पाकुड़)-** प्रखंड क्षेत्र के तारापुर स्थित पंचायत सचिवालय में गुरुवार को पंचायत दिवस आयोजित हुई। जहां अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने सम्बन्धित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पेंशन लाभुकों को आधार व मोबाइल नम्बर से जोड़े। यह नही किये जाने पर लाभुक पेंशन से वंचित हो सकता है। पंचायत दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया था। जिसमे मधुमेह, रक्तचाप आदि की जांच की गई। वही अन्य मरीजो के बीच दवा का भी वितरण किया गया। इस शिविर में शिक्षा, विद्युत आदि विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुखिया सोनी मोहली, पंचायत समिति सदस्य अन्नू देवी आदि उपस्थित थे।

# विभिन्न पार्टियों का चक्कर लगाते लगाते नीतीश कुमार का दिमाग चकरा गया है- प्रशांत किशोर




**समस्तीपुर 20 जुलाई अशोक वर्मा/**बेंगलुरु में विपक्ष की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं हुए नीतीश कुमार, प्रशांत किशोर ने तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार अलग-अलग पार्टियों का इतना चक्कर लगा लिए हैं कि दिमाग चकराने लगा है वो किस खेमे में खड़े हैं क्या कर रहे हैं उन्हें खुद पता बिहार के सीएम नीतीश कुमार बेंगलुरु में विपक्षी पार्टियों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं हुए। इसको लेकर जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को कहा कि नीतीश कुमार को खुद नहीं पता है कि आज वो कहां खड़े हैं? नीतीश कुमार इतनी बार घूम गए हैं कि उनको खुद नहीं पता है कि वो क्या कर रहे हैं। जब आप बहुत चक्कर लगा लेते हैं तो दिमाग चकराने लगता है। नीतीश कुमार का आज हाल यही है उनका सिर चकराने लगा है और यही कारण है कि उन्हें खुद नहीं पता है कि वो आज किस खेमे में खड़े हैं और क्या कर रहे हैं? कभी महागठबंधन में तो कभी एन डी ए में फिर महागठबंधन में और इतनी पार्टियों के बदलने से आज उनका कोई महत्व बचा ही नहीं है। बिहार में आज सरकार भाग्य भरोसे चल रही है। समस्तीपुर के विभूतिपुर में पत्रकारों से बातचीत में प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि पिछले 32 सालों बिहार की सरकार लालू-नीतीश चला रहे हैं।

बिहार में काम बेहतर नहीं होगा तो सवाल बिहार के सरकार पर ही सवाल खड़ा होगा कोई कर्नाटक के सरकार पर सवाल नहीं खड़ा करेगा। आज बिहार में सड़क नहीं बनी है, भ्रष्टाचार है। बिहार में जमीन की रसीद काटने के लिए पैसा लग रहा है, तो इसके लिए कनाडा की सरकार पर बोलें? आज बिहार देश में सबसे गरीब और पिछड़ेपन का शिकार हो गया है और अगर हम वोट जाति को देखकर करेंगे तो बिहार का हाल कभी नहीं सुधरेगा।

# विश्व प्रसिद्ध अंग्रेजी राइटर जॉर्ज ऑरवेल के जन्म स्थल का निरीक्षण जिला पदाधिकारी ने किया





**मोतिहारी 20 जुलाई ,अशोक वर्मा** मोतिहारी के गोपाल साह उच्च विद्यालय छात्रावास परिसर में अवस्थित बीसवीं शताब्दी के सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी लेखक जॉर्ज ऑरवेल के जन्म स्थल का भ्रमण एवं निरीक्षण जिला पदाधिकारी ने किया।

गौरतलब है कि 25 जून 1903 में तत्कालीन अंग्रेज अधिकारी को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई जिसका नाम जॉर्ज ऑरवेल पड़ा और वे युवा अवस्था में जब आए तो बहुत बड़े लेखक निकल विश्व प्रसिद्ध हुए साथ-साथ पत्रकारिता में भी उन्होंने काफी नाम कमाया। ट्रिब्यूनल ,बीबीसी, एशियन न्यूज़ के अलावा विश्व प्रसिद्ध अन्य अखबारो में भी उन्होंने काम किया।

मूल रूप से वे राइटर निकल गए तथा कई पुस्तकों की रचना की जिसमें "1984" एवं "एनिमल फॉर्म" नामक पुस्तक विश्व प्रसिद्ध हुआ जिस कारण जॉर्ज ऑरवेल को विश्व का सर्वश्रेष्ठ शताब्दी लेखक का खिताब मिला।

जिस मकान में उनके पिता परिवार के साथ रहते थे वह बाद में गोपाल साह उच्च विद्यालय का शिक्षक आवास बना। जन्म के बाद जॉर्ज ऑरवेल मात्र 6 माह उस मकान में रहे उसके बाद उनके पिता का तबादला मुंगेर हुआ वहां से बाद वे सपरिवार इंग्लैंड चले गए । 21 जनवरी 1950 में 47 वर्ष की उम्र में उनकी मृत्यु हुई।

विश्व प्रसिद्ध राइटर जॉर्ज ऑरवेल के जन्म स्थल के विकास के लिए कई संस्थाओं द्वारा पहल किया गया जिसका परिणाम सरकार ने इसे अपने अधीन लिया एवं विकास के लिए फंड भी जारी किया लेकिन लेकर कुछ संगठनों ने उक्त जन्म स्थल को भारतीय साहित्यकारों के स्मृति स्थल बनाने का जिला पदाधिकारी एवं सरकार पर दबाव बनाया ।

जिला पदाधिकारी ने भ्रमण एवं अवलोकन के बाद नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि इसके विकास के लिए एन बी पी डी सी एल द्वारा राशि मिली हैं उससे इसका विकास कराया जाएगा।

# मणिपुर में आदिवासी महिला के दुर्व्यवहार के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रधानमंत्री का पुतला दहन



**राहुल दास,ब्यूरो रिपोर्ट/पाकुड-** मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुए दुरव्यवहार के खिलाफ स्थानीय कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रीकुमार सरकार के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इस संबंध में जिला अध्यक्ष कुमार सरकार व प्रखंड अध्यक्ष मनसारुल हक ने कहा कि मणिपुर राज्य पिछले ढाई महीने से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है।इसके बावजूद हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।तथा अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पूर्णतया नाकाम रही भाजपा सरकार। मणिपुर में भीड़ द्वारा आदिवासी महिलाओं को नंगा कर दुर्व्यवहार करने का शर्मनाक वीडियो प्रकाश में आया है। इस वीडियो के बाहर होने के बाद हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया और उसके बाद प्रधानमंत्री ने आज अपनी चुप्पी तोड़ी।आदिवासी महिलाओं के साथ हुई इस घटना से आज पूरा देश शर्मसार है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निर्देशानुसार कांग्रेस भवन, पाकुड़ के सामने इस घटना के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का पुतला दहन किया गया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मानसारूल हक, प्रदेश सचिव सेमिनूल इस्लाम, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष शाहीन परवेज, कोषाध्यक्ष असद हुसैन, मीडिया प्रभारी नलिन मिश्रा,पियारूल इस्लाम, रामविलास महतो, धनंजय रविदास आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में काफी बढ़ा है भारत का मान सम्मान -राजधारी सिंह पूर्व मंत्री



**सिकन्दरपुर, बलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को 9 साल पूरे होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों से जनसंपर्क का कार्यक्रम चल रहा है।इसी क्रम में पूर्व मंत्री राजधारी सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा क्षेत्र सिकन्दरपुर के विभिन्न गांवों में डोर टू डोर जाकर जनसम्पर्क अभियान चलाया।

साथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर उनके विकासशील एवं जनहित योजनाओं के बारे में लोगों से चर्चा की।इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ को अपने सम्बोधन में पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के काम के लिए बेमिसाल रहा है। इस दौरान देश के हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ा है और निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित किया है।

मोदी सरकार ने न केवल वंचित, शोषित लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा बल्कि उनका सशक्तीकरण भी किया है।जन-जन को मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ।केंद्र सरकार सड़क, पानी , बिजली, स्वास्थ्य शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर आम जनता के हित के लिए कार्य कर रही है। जिसका अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को भी पूरा लाभ मिल रहा है।पूर्व मंत्री के राजधारी के नेतृत्व में चलाए गए कार्यक्रम में लोगों से मिस्ड कॉल के माध्यम से पार्टी से जोड़ा गया।इस दौरान सिद्धार्थ सिंह, सुरेश सिंह, मार्कण्डेय शर्मा, अजय लाल श्रीवास्तव, रणजीत राय, गिरजेश मिश्रा आदि शामिल रहे

### पूर्वी चंपारण में भयंकर सुखाड़, अकाल की स्थिति बनी



**मोतिहारी 20 जुलाई ,अशोक वर्मा/**लग रहा है कि प्रकृति पूर्वी चंपारण से पूरी तरह नाराज है ।एक तरफ जहां चारों तरफ बरसात हो रही है वहीं दूसरी तरफ पूर्वी चंपारण के किसान वारिस के लिए आकाश की ओर टकटकी लगाए हुए हैं।बहुत से किसान धान के बिचड़ा भी नहीं गिरा पाये हैं। जिन्होंने निजी नलकूप के द्वारा किसी तरह पटवन करके बिया गिराये हैं उनके बीचडे सुख चुके हैं । वर्षा न होने के कारण आम के पेड़ भी तेजी से सूख रहे हैं। सबसे भयावह स्थिति तो यह है कि पानी का लेवल 20 फीट नीचे चले जाने से जिले के आधे चापाकल सूख चुके हैं। किसान जब पटवन के लिए बोरिंग चालू कर रहे हैं तो उनके बोरिंग से कहीं कहीं पानी नही निकल रहा है। अजीब स्थिति बन गई है, चारों तरफ भय का माहौल है ।गर्मी से वैसे हीं सभी बेहाल है।किसान सशंकित है कि हमारा भविष्य क्या होगा ।सबसे बुरा हाल तो मध्यम और छोटे किसानों का है । यद्यपि सरकार उन्हें राशन दे रही है लेकिन खेती पर जो निर्भर है उनके समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गई है।सरकार के विफलता को आम जनता देख और भूगत रही है। कहीं से भी कोई काम जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है, सिर्फ कागज और अखबारों में बयानबाजी भर है। जिले में नहर के जाल बीछे हुए हैं लेकिन नहरों में पानी नहीं है। नहर की उड़ाही भी कई दशक से नहीं होने से नहर के बीचोबीच लोग घर तक बना लिए हैं। एकदम अंधेर नगरी चौपट राजा की स्थिति बनी हुई है जिसका खामियाजा सभी को भुगतना पड़ रहा है। इस बार बरसात न होने से किसानो मे पूरी तरह से त्राहिमाम मचा हुआ है।

### इंस्टाग्राम पर भड़काव टिप्पणी को लेकर युवक को भेजा जेल



**राहुल दास,ब्यूरो रिपोर्ट/हिरणपुर, (पाकुड़)-** सोशल मीडिया पर किसी विशेष धर्म के ऊपर अभद्र व भड़काव टिप्पणी करने को लेकर पुलिस ने बुधवार की रात हिरणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़तल्ला से नियाज अंसारी उर्फ नाजु खान (19) को गिरफ्तार किया। जिसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने दर्ज मामले में आरोप लगाया है,कि सुचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जिसका इंस्टाग्राम सोशल मीडिया आईडी नाज्जु खान 3 नाम से है। जो बड़तल्ला का निवासी है।इसके द्वारा किसी विशेष धर्म के ऊपर अभद्र टिप्पणी कर विभिन्न सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है। जिससे दो समुदाय के बीच साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ सकता है। गांव में शाम को जाकर अनुसंधान करने पर पता चला कि उक्त इंस्टाग्राम संचालक नियाज अंसारी है। जो अपने इंस्टाग्राम के माध्यम से सोशल मीडिया में किसी धर्म विशेष को ठेस पहुंचाने की भावना से जानबूझकर टिप्पणी करते हुए वायरल कर रहा है।

रेलवे | लेकिन जब तक रेलवे ट्रैक से शव बाहर नहीं निकाल लिया जाएगा

# अज्ञात युवक के कटने की सूचना मिलते ही जखनियाँ रेलवे स्टेशन पर घण्टों खड़ी रहीं ट्रेन



**दैनिक शुभ भास्कर /** संवाददाता , सुरेश चंद्र पांडे , जखनियां गाजीपुर, , वाराणसी से मऊ की तरफ जा रही गाड़ी नंबर 15017 काशी एक्सप्रेस से लगभग 5:10 बजे जखनिया और दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन के बीच में पिलर नंबर 91/10-12 के पास रेलवे ट्रैक पर किसी व्यक्ति के कटने की सूचना मिलते ही जखनियां रेलवे स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस और डेमो को खड़ा कर दिया गया जहां लगभग 7:00 बजे तक दोनों ट्रेनें खड़ी रही जिसमें बैठे यात्री उमस भरी गर्मी से बाहर निकल कर टहलने लगे जिन लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल रहा कि आखिर इतनी देर तक ट्रेन क्यों रुकी है जहां स्टेशन मास्टर से पूछे जाने पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि किसी के कटने की सूचना मिली है लेकिन जब तक रेलवे ट्रैक से शव बाहर नहीं निकाल लिया जाएगा तब तक यह दोनों ट्रेनें खड़ी रहेगी वहीं भुड़कुड़ा कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी गई है अब पुलिस जैसे ही रेलवे ट्रैक से शव को बाहर कर अपने कब्जे में लेगी लाइन क्लियर कर ट्रेनों को छोड़ा जाएगा वहीं लेकिन घटना स्थल दुल्लहपुर थाने का होने की वजह से पुनः दुल्लहपुर पुलिस को सूचना दी गई जिनके द्वारा 6:55 पर रेलवे ट्रैक से शव बाहर निकलने की सूचना मिलते ही 6:57 पर लाईन क्लियर कर सबसे पहले साबरमती एक्सप्रेस को मऊ के लिए रवाना किया वहीं दुल्लहपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा नें बताया कि मौके पर टीम भेज दी गई है लगभग 35 वर्षीय युवक के कटने की जानकारी मिली है शव को कब्जे में लेकर उचित कार्यवाही करते हुवे पी0एम0 के लिए भेजा जा रहा है लेकिन खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी ।

### बंगाली एसोसियेशन समिति का पुनर्गठन किया गया




**हिरणपुर,(पाकुड़)-** बुधवार शाम बंगाली एसोसियेशन की बैठक मोयरा मोदक दुर्गा मंदिर प्रांगण आयोजित हुई। जिसमें प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन किया गया। इस बैठक में एसोसियेशन के जिला सभापति मुकुल भट्टाचार्य , अधिवक्ता निरंजन घोष , प्रवीर भट्टाचार्य व देव मुखर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अभिजीत दत्ता ने किया। बैठक में अजित दत्ता को संरक्षक व नयन सेन को अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। इसी तरह राजकुमारी लाहा उपाध्यक्ष, पार्थो प्रीतम दत्ता कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार दत्ता सचिव, जयंत मण्डल व बापी दास सह सचिव सहित चन्दन दत्ता सह कोषाध्यक्ष, सदस्यों में सुदीप सेन, नन्द दुलाल दे, भाष्कर बर्धन, शम्भू रक्षित, सुरजीत घोष, जोबा दत्ता , सुकुमार सेन, सुभाष रक्षित ,मानव भुजंग ,अचिंत चांद का चयन किया गया।

जिला सभापति ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बंगाली भाषा को संरक्षित करने का अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

अधिवक्ता ने कहा कि मातृ भाषा की रक्षा करना हमारा परम् कर्तव्य है। संविधान की धारा में भी बंगला भाषा को लेकर स्पष्ट उल्लेख है। बंगला भाषा हमारे परम्परा व संस्कृति से जुड़ी हुई है। पूरे झारखण्ड में बंगला भाषा को उचित स्थान मिला चाहिए। जिससे कि बंगला भाषी इस अधिकार से वंचित न हो। इसको लेकर संगठन के रूप में सदैव संघर्ष करते रहेंगे।

### बीपीएस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ पी के सिंह बने स्काउट के सहायक जिला आयुक्त



**चंदौली** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में स्काउट और गाइड की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कमेटी का गठन किया गया जिसमें बीपीएस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ पी के सिंह को सहायक जिला आयोग की जिम्मेदारी दी गई नई कार्यकारिणी के गठन से है जनपद में स्काउट गाइड की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा साथ ही समाज को भी एक नई दिशा मिलेगी श्री सिंह के सहायक जिला कमिश्नर बनाए जाने पर विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त हो गया है

